● सीधी, सिंगरौली ,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 13, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार , 10 फरवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ





कांग्रेस केवल नेहरू गांधी परिवार की सेवा कर रही : शाह 5

रोहित 32वीं संेचुरी लगाकर हुए आउट 6

# छग के बीजापुर में 31 नक्सली ढेर, दो जवान शहीद

## सीएम साय बोले- बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा



**बीजापुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से ठीक पहले बीजापुर के नेशनल पार्क इलाके में पुलिस व नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई है। पुलिस सुरक्षा बल ने छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर 31 नक्सलियों को मार गिराया है। दो जवान बलिदान हो गए और दो जवान घायल भी हुए हैं। घायल जवानों को निकालने के लिए जगदलपुर से एमआई-17 हेलीकॉप्टर रवाना किया गया है। बस्तर संभाग के आईजीपी सुंदर राज ने एनकाउंटर की पुष्टि की है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है।

यह एनकाउंटर बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया में हुआ है, अभी भी अन्य नक्सलियों की धरपकड़ के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। बीजापुर डीआरजी, एसटीएफ और बस्तर फाइटर के जवानों ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है। आईजी ने बताया कि नक्सलियों के बड़ी संख्या में जमा होने की सूचना मिली थी, इसके बाद मौके पर फोर्स रवाना की गई है। सुबह से ही रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। बताया जा रहा है कि इस नक्सल ऑपरेशन में नक्सलियों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है।

बीजापुर जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र में आज सुबह जिस नेशनल पार्क के कोर क्षेत्र में मुठभेड़ हुई है। दरअसल वहां मद्देड़ एरिया कमेटी, तेलंगाना स्टेट कमेटी एवं नेशनल पार्क एरिया कमेटी के बड़े नक्सलियों का जमावड़ा रहा। इसी सूचना के आधार पर डीआरजी, एसटीएफ के करीब 650 से ज्यादा जवानों की पार्टी को लेकर तीन तरफ से रवाना किया गया था।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी जवानों के बलिदान होने की सूचना पर जताया शोक। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अब तक 12 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मुठभेड़ में 2 जवान बलिदान एवं 2 जवान के घायल होने की भी दु:खद खबर प्राप्त हुई है।

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहनों के खाते में राशि करेंगे अंतरित

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को देवास जिले की सोनकच्छ तहसील के ग्राम पीपलरावां में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और किसान कल्याण योजना के हितग्राही किसानों के खातों में राशि अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव हितग्राहियों से संवाद कर योजना के लाभ की जानकारी भी लेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1553 करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56 लाख हितग्राहियों के खाते में 337 करोड़ रुपये और किसान कल्याण योजना में 81 लाख हितग्राही किसानों के खाते में 1624 करोड़ रुपये अंतरित की जायेगी।




# एयरो इंडिया की शानदार शुरुआत

## चीफ एयर मार्शल के साथ सेना प्रमुख ने भी तेजस से भरी उड़ान



**बंगलूरू।** एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह और थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को येलहंका वायुसेना स्टेशन पर लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस में उड़ान भरकर एयरो इंडिया-2025 की शुरुआत की। बता दें कि यह एक बड़ा एयरोस्पेस कार्यक्रम है, जो सोमवार से 14 फरवरी तक चलेगा। हवा में जब एयर चीफ मार्शल और सेना प्रमुख तेजस विमान में उड़ान भर रहे थे, तब सभी लोगों की नजरें आसमान की ओर लगी थीं। सफल उड़ान के बाद, जनरल द्विवेदी ने इसे अपने जीवन का सबसे बेहतरीन अनुभव बताया।

सेना प्रमुख इतने खुश हुए कि उन्होंने एयर चीफ मार्शल को अपना गुरु मानते हुए कहा कि उन्हें अफसोस है कि उन्होंने भारतीय वायुसेना को क्यों नहीं चुना। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने उड़ान के बाद पत्रकारों से बताया कि यह उनका जीवन का सबसे अच्छा पल था। उन्होंने बताया कि एयर चीफ मार्शल एपी सिंह उनके साथी हैं और वे दोनों राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में एक साथ पढ़े थे।

# एन बीरेन सिंह ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने रविवार शाम मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। पिछले साल के अंत में राज्य में जातीय हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने जनता से माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था कि यह पूरा साल बेहद खराब रहा। मैं राज्य के लोगों से तीन मई 2023 से लेकर आज तक जो कुछ भी हुआ है, उसके लिए माफी मांगता हूं। कई लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया। कई लोगों ने अपना घर छोड़ दिया।

# 2026 के विधानसभा चुनाव में बंगाल में सरकार बनाएगी भाजपा : प्रधान

**कोलकाता।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को यह दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2026 में पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनावों में जीत हासिल कर सरकार बनाएगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार पर केंद्र की योजनाओं के कार्यान्वयन में बाधा डालने का आरोप लगाया और कहा कि वह केंद्र सरकार पर अनदेखी करने का झूठा आरोप लगा रही है।

# दिल्ली में भाजपा विधायकों की बैठक खत्म

## बैठक के बाद प्रवेश वर्मा जाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की

**नई दिल्ली।** रविवार शाम दिल्ली के भाजपा विधायकों की बैठक हुई। बैठक के बाद दिल्ली की राजौरी गार्डन विधानसभा सीट से भाजपा विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया- बैठक में पानी, सीवेज, यमुना जल की सफाई पर चर्चा हुई। तय किया गया कि ये काम प्राथमिकता पर करने हैं।

भाजपा को बहुमत मिलने के बाद विधायकों की यह पहली बैठक थी। बैठक के बाद प्रवेश वर्मा और मनजिंदर सिंह सिरसा ने अलग-अलग जाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की।

रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे से लौटने के बाद मुख्यमंत्री का शपथ समारोह होगा। पीएम मोदी फ्रांस-अमेरिका के दौरे पर जा रहे हैं।

# विदेशी मेहमानों के लिए 125 लोग तैयार करेंगे लंच

## मावा बाटी के साथ रहेगी इंद्रहार की कढ़ी



**भोपाल।** राजधानी भोपाल में पहली बार ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) आयोजित होने जा रहा है। इसको लेकर तैयारी तेजी से की जा रही है। 24 और 25 फरवरी को राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में मेहमानों, डेलिगेट्स और अन्य का लंच खास होगा। विदेशी मेहमानों को प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखाने की योजना है।

यहां तीन अलग-अलग कैटेगरी में भोजन की व्यवस्था रहेगी। इसमें वीवीआईपी (मंत्री, विदेश और देश के बड़े बिजनेसमैन), वीआईपी-मीडिया और अन्य डेलीगेट्स के लिए खाने के डोम अलग-अलग होंगे। यहां पर खाने का मेनू मेटरिक्स एक जैसा रहेगा। इन तीनों कैटेगरी के मेनू में भारतीय और विदेशी व्यंजन दोनों होंगे, जिनमें कॉन्टिनेंटल और ओरिएंटल फूड्स के साथ-साथ मध्य प्रदेश के पारंपरिक व्यंजन भी शामिल होंगे। राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में तीन कैटेगिरी में खाने की व्यवस्था की गई है। इसमें तीन अलग-अलग डोम बनाए जा रहे है। यह तीनों डोम एक दूसरे से इंटरकनेक्ट रहेंगे। पर्यटन विकास निगम भोजन की पूरी व्यवस्था कर रहा है। 125 लोगों की टीम दो दिन मेहमानों के लिए लंच तैयार करेगी। वीवीआईपी डोम में खाना खाने की व्यवस्था बैठ कर रहेगी।

# कोतवाली क्षेत्र में बिछा जुआं का फड़, एसपी से हुई शिकायत

## देवरा सहित कई क्षेत्रों में हो रहा खेल, खिलाड़ियों के कारखास करते हैं रखवाली, पुलिस अंजान

**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय बैढ़न में लम्बे अर्से से जुआं का फड़ लग रहा है। इस खेल में कोई साधारण नही बल्कि नामचीन चेहरे शामिल होते हैं। देवरा क्षेत्र सबसे महफूज जगह मानी जा रही है। इस खेल को लेकर एसपी से भी शिकायत की गई है। लेकिन कोतवाली पुलिस को कानोकान खबर नही है।

सूत्रों के बातों पर गौर करे तो कोतवाली थाना क्षेत्र हमेशा से जुआं खेलने व खिलाने को लेकर चर्चाओं में रहा है। यह जुआं का खेल ज्यादातर दिवाली के दिनों में खेला जाता था। इसके लिए उर्ती गांव विख्यात था। लेकिन अब तो जिला मुख्यालय बैढ़न में ताश के 52 पत्तों के साथ जुआं का फड़ देवरा में बिछ रहा है। सूत्र तो यह भी दावा करते है कि दोपहर के बाद तकरीबन 3 बजे से ईटभट्ठा के आसपास लोगों की भीड़ एक घर में इकट्ठा होने लगती है। देखते ही देखते 4 बजे तक जुआं की महफिल जम जाती है। जो देर रात तकरीबन 9 बजे तक जमी रहती है। सूत्र तो यह भी दावा करते हैं कि यह कोई



छोटे लोगों का खेल नही खेला जाता। यहां पर बड़े-बड़े महारथी दाव अजमाते हैं। इनकी सुरक्षा और निगरानी घर के चारो तरफ लोग लगे हुये हैं। बताया जाता है कि चारो एरिया में चार-चार लोग दो से तीन सौ मीटर के दूरी पर मोबाईल के साथ बैठे रहते हैं। इनकी निगरानी रहती है कि आसपास कोई संदिग्ध दिखे तो तत्काल सूचना जुआं खिलाने वाले को दी जाती है। यहां तक कि चाय, सिंगरेट व गुटका के लिए भी कारखास रखे गये हैं। जो दुकानों से उपलब्ध कराते हैं। इन्हें भी हर दिन के हिसाब से नजराना दिया जाता है। देवरा में जुआं का खेल कई महीनों से चल रहा है। क्या इसकी जानकारी पुलिस को नही है या फिर कोतवाली पुलिस जानबूझकर अंजान बनी हुई है। कहा तो यह भी जाता है कि कोतवाली पुलिस को सबकुछ पता है कि जुआं देवरा में कहां पर चल रहा है और कौन खिलवा रहा है? सूत्र तो यह भी बताते हैं कि देवरा के जुआं फड़ को लेकर स्थानीय लोग व कुछ जनप्रतिनिधि एसपी से भी शिकायत कर चुके हैं। इसके बावजूद आज तक पुलिस के द्वारा दबिश नही दी गई। ऐसे में कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

### चर्चित कबाड़ी है सरगना

सूत्रों की बातों पर गौर करे तो जिला मुख्यालय बैढ़न के कोतवाली इलाके के देवरा में जो जुआं का फड़ जम रहा है इस फड़ का मुख्य सरगना एक कबाड़ी है। वह ऐसा कबाड़ी है जो इस क्षेत्र के लिए नया नही है। वह हमेशा चर्चित रहा है। सूत्र तो यह भी दावा करते हैं यह कबाड़ी यूपी से आकर बैढ़न के देवरा में जुआं फड़ खेला रहा है और इसके कारखास कुछ खाकीदार सहित शहर के चर्चित लोग हैं। जो पहले से ही बदनाम सुदा है। बताया जाता है कि देवरा में खेल खेला जा रहा जुआं फड़ को लेकर एक पार्षद सहित कुछ प्रबुद्ध लोगों ने एसपी से शिकायत की है। लेकिन एसपी से शिकायत होने के बाद भी आज तक पुलिस को फु र्सत नही मिली कि जो शिकायत जुआं को लेकर की गई है, वह सही है की नही, आज तक देवरा में पुलिस सघन सर्चिंग की जहमत नही जुटा पाई है।

### हर चाल में लाखों का लगता है दांव

सूत्र बताते हैं कि इस जुआं फड़ में कई लोगों के किस्मत चमक जाती है, कुछ कंगाल हो जाते हैं। यहां हर चाल में लाखों रूपये का दांव लगता है। इस फड़ में वही जुआड़ी बैठ सकता है जिसके पास लाखों रूपये जेब में रखने का औकात रखता हो। सूत्र तो यह भी दावा करते हैं कि यहां छोटी रकम का दांव नही, बल्कि 50 लाख रूपये के दांव लगाये जाते हैं। यही वजह है कि इस दांव में कोई दखलनदाजी न करे, इसके लिए विधिवत बाउंसर की तरह हर फड़ की जगह से लेकर कई किलोमीटर तक लोग निगरानी करते हैं। ताकि कोई भी फड़ को पकड़ने कोशिश करे तो उसके पहले इस खेल कराने वाले को पता चल जाए। बताया जा रहा है कि जुआं खिलाने वाला हर दांव के पॉच हजार रूपये इमानदारी से प्रोटेक्सन मनी के तौर पर लेता है और बदले में सुरक्षा की गारण्टी देता है।

# हमारा यह समर्पण निधि का अभियान महाकुम्भ की तरह है: राधा

## आगामी कार्यक्रमों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**सिंगरौली।** भाजपा की एक महत्वपूर्ण कार्यकर्ता बैठक जिला कार्यालय के सभागार में सम्पन्न हुई।

इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री राधा सिंह उपस्थित रही तथा बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सिंगरौली राम निवास शाह, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश द्विवेदी, प्रेमवती खैरवार, पूर्व विधायक राम लल्लू वैश्य, सुभाष वर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रमिला देवी तथा पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. रविन्द्र सिंह मंचासीन रहे। मीडिया प्रभारी ने बताया कि बैठक का औपचारिक शुभारंभ भारत माता तथा पवित्र पुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ तथा स्वागत उद्बोधन जिलाध्यक्ष ने दिया। जिलाध्यक्ष ने समस्त अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत अभिनन्दन किया तथा समस्त कार्यकर्ताओं को दिल्ली की विजय पर बधाई दी। जिलाध्यक्ष ने जानकारी देते हुये बताया कि 10




तारीख को प्रधानमंत्री द्वारा विद्यार्थियों से परीक्षा पर चर्चा, कार्यक्रम के आयोजन, 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल के पुण्य तिथि पर समर्पण दिवस के कार्यक्रम, 2025-26 के केंद्रीय बजट के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष कार्यक्रमों के आयोजन तथा अटल के शताब्दी वर्ष पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी प्रमुख थी। साथ ही सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सरकार बनने की बधाई कार्यकर्ताओं को दी। विधायक ने आजीवन सहयोग निधि रूपी समर्पण निधि के बारे में बोलते हुए कहा कि श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे ने प्रत्येक कार्यकर्ता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये आजीवन सहयोग निधि की परिकल्पना की थी। जिसका आज पार्टी अखिल भारतीय स्तर पर अनुकरण कर रही है और एक कार्यकर्ता की छोटी सी भागीदारी एक वृहद रूप धारण कर लेती है तथा उससे प्राप्त इस निधि के संकलन से हमारी पार्टी तथा कार्यालयों का संचालन होता है। वही राज्य मंत्री राधा सिंह ने कहा कि हमारा यह समर्पण निधि का अभियान आयोजित हो रहे महाकुंभ की तरह ही है। यह समर्पण निधि हमारे कार्यकर्ता रूपी इस महाकुंभ परिवार की ओर से श्रद्धा समर्पण राशि होती है। जिससे हमारी पार्टी और कार्यालय का संचालन होता है। हम किसी अन्य स्त्रोतों पर न निर्भर हो। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए यह आजीवन सहयोग निधि रूपी समर्पण राशि हम कार्यकर्ता पार्टी को देते हैं।

# 955 ग्राम गांजा के साथ बाल अपचारी सहित दो गिरफ्तार



**सिंगरौली।** शासन चौकी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। शासन पुलिस पुलिस ने अवैध गांजा जप्त करते हुए दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। जहां एक बाल अपचारी है। दोनों आरोपी सिंगरौली जिले के रहने वाले हैं।

शासन चौकी प्रभारी प्रियंका मिश्रा ने बताया कि चौकी की क्षेत्र में पिछले कुछ समय से अवैध मादक पदार्थों के व्यापार की सूचना मिल रही थी। जिसके बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गड़हरा कन्वेयर रोड से घेराबंदी कर सूरज कुशवाहा पिता अनिल कुशवाहा उम्र 19 वर्ष निवासी सरसवाह राजा चौकी जयंत थाना विन्ध्यनगर सहित एक बालक अपचारी उम्र 17 वर्ष निवासी प्रेमनगर बस्ती सरसवाह चौकी जयंत को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से सफेद रंग के प्लास्टिक के झोला से 955 गांजा 955 एवं बिना नम्बर वाहन मोटर सायकल कुल कीमती करीबन नब्बे हजार रूपये की जप्त की गई हैं। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी प्रियंका मिश्रा, उसनी, लेखचन्द्र डोहर, प्रधान आरक्षक अरविन्द सिंह, मो. कौशल, संतोष साकेत, मुनेन्द्र मिश्रा, संतोष साकेत, आरक्षक विकास तिवारी, जितेन्द्र सिंह, राजकुमार साक्य का सराहनीय योगदान रहा।

# 5 गुमसुदों को जियावन पुलिस ने किया दस्तयाब

**सिंगरौली।** थाना प्रभारी उनि वाईएल वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत कई वर्ष गुमे 5 गुमसुदों को दस्तयाब कर परिजनों को किया गया सुपुर्द । थाना जियावन क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग स्थानों से गुमे हुये रज्जू कोल पिता बुद्धसेन कोल उम्र 25 वर्ष निवासी सहुआर, दिनेश रावत पिता बुद्धसेन रावत उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम जियावन, सीताकली साकेत पति आशीष साकेत उम्र 30 वर्ष निवासी लकौड़ा, शर्मिला केवट पति गोपालदास केवट उम्र 30 वर्ष निवासी बम्हनी, सूरज पिता राजकुमार रावत उम्र 21 वर्ष निवासी बसहा थाना जियावन को दस्तयाब किया गया है।

# सिंगरौली में आप को लगा झटका, अनिल शाह भाजपा में शामिल

**सिंगरौली।** आप के पूर्व प्रदेश संयुक्त सचिव यूथ विंग अनिल शाह के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आप छोड़ भाजपा में सदस्यता ग्रहण की ।

आप के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे के साथ रैली के माध्यम से भाजपा कार्यालय पहुंच कर राज्य मंत्री राधा सिंह, जिलाध्यक्ष सुंदर लाल शाह और सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह के हाथों भाजपा में सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वाले अन्य पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से अमित कुशवाहा , इंदू सोनी के साथ अन्य सैकड़ों लोग मौजूद रहे । एक मंचीय कार्यक्रम में समस्त



पदाधिकारियों को पार्टी की पट्टिका तथा माला पहनाकर भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। सदस्यता ग्रहण करने के बाद अनिल शाह ने कहा कि आज मैं सनातन धर्म एवं देश की सेवा के लिए भाजपा की सदस्यता ले रहा हूं । आम आदमी हमेशा देश विरोधी लोगों के साथ खड़ी दिखती है। जिससे हम सब आहत हुए थे। हमारे लिए देश सर्वोपरि है और भाजपा की विचारधारा में सामाजिक समरसता और समानता होती है।

# गुम नाबालिक लड़की को इलाहाबाद से किया दस्तयाब

**सिंगरौली।** कोतवाली पुलिस ने गुम नाबालिक लड़की को इलाहाबाद से दस्तयाब कर परिजनो को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार 21 नवम्बर को फरियादी पंजरेह बस्ती झुमरिया टोला थाना मोरवा निवासी ने कोतवाली में शिकायत की थी कि मेरी दूसरी नम्बर की लड़की रिस्तेदारी में ग्राम पिपराझाँपी में घूमने के लिये गयी थी। मेरे साढ़ू की लड़की ने फोन करके बताई की आपकी लड़की टेम्पू में बैठकर चली गई है। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर गुम लड़की की तलाश शुरू की गई। जहां इलाहाबाद से लड़की को दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

# घर से गायब नाबालिक बालक को गोरबी पुलिस ने 7 घंटे के भीतर दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक द्वारा गुम बालक/बालिकाओं के दस्तयाब के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत एसडीओपी कृष्ण कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में गोरबी प्रभारी उपनिरीक्षक भिपेंद्र पाठक ने सूचना मिलने के बाद ही बालक को ढूंढने के लिए हर संभव प्रयास जारी रखा और देर शाम गश्ती दल ने बालक को रेलवे स्टेशन के समीप से दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी अनुसार ग्राम नौढ़िया के एक दम्पति ने



शनिवार दोपहर चौकी गोरबी में रिपोर्ट दर्ज कराई की बीते दिन शुक्रवार को उनका मझिला लड़का जिसकी उम्र 11 साल है। घर से खेलते हुए लापता हो गया है। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चलाए। तब वह पुलिस की मदद लेने आये हैं। सूचना प्राप्त होने पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर चौकी प्रभारी ने बालक की तलाश प्रारंभ की और शनिवार रात नाबालिक बालक को रेलवे स्टेशन के पास ढूंढ लिया गया एवं उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि बालक अपने दादी के घर जाना चाहता था जो भटकते हुए पहले कसर पहुंचा। जहां किसी ढाबे में बालक ने खाना मांगकर खाया और फिर किसी राहगीर से मदद मांगकर वह स्टेशन समीप पहुंचा। जहाँ के करीब ही उसके दादी का घर था। समय रहते पुलिस को सड़क किनारे विचरण करते हुए बालक मिल गया। इसके बाद उसे उसके परिजनों को सौंप दिया गया। उक्त कार्रवाई में सउनि गुलराज सिंह, प्रआर नरेंद्र यादव एवं राजकुमार तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# इनामी आरोपी को निवास पुलिस ने जनकपुर से किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं एएसपी शिवकुमार वर्मा, एसडीओपी देवसर राहुल सैयाम एंव थाना प्रभारी जीतेन्द्र सिंह भदौरिया के कुनाल मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी उपनिरी प्रियंका सिंह बघेल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 2 वर्षों से फरार इनामी आरोपियों को जनकपुर छतिसगढ़ किया गया गिरफ्तार।

# अमलोरी परियोजना की हैबी ब्लास्टिंग से थर्राया शहर

**सिंगरौली।** एनसीएल अमलोरी परियोजना के कोयला खदान में ओबी हटाने का कार्य कर रही ओबी कंपनियों द्वारा सरकारी मानकों को दरकिनार कर आये दिन खदानों में हैवी ब्लास्टिंग की जा रही है। जिससे आसपास के रहवासियों के घरों में दरारे आ रही हैं और लोग डर के साये में रहने को मजबूर हैं। रहवासियों ने बताया कि अमलोरी खदान में आये दिन हैवी ब्लास्टिंग होती है। जिससे लोग ब्लास्टिंग के समय अपने घरों से बाहर आ कर



खड़े होने को मजबूर हो जाते है। खदान में हो रही हैबी ब्लास्टिंग से कई घरों के दीवार व कइयों के सीलिंग की छते गिर चुकी है। अगर समय रहते जिला प्रशासन इस पर ध्यान नही दिया तो कभी भी बड़ी जनहानि हो सकती हैं। परियोजना के आसपास बसे ग्राम अमलोरी, भरूहा, दसौती, भकुआर, कचनी, नौगढ़, परसौना अन्य गांवो के प्रभावित रहवासी जिला प्रशासन से तत्काल हैवी ब्लास्टिंग पर रोक लगाने की मांग की है।

# नवानगर पुलिस ने बघेली लोक गीत के जरिए साइबर सुरक्षा की दी जानकारी



**सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश में सेफ क्लिक अभियान चलाया जा रहा है। साइबर अपराधों से बचने के लिए नवानगर पुलिस ने एक अनूठी पहल की शुरुआत की गई है। रविवार को निगाही तिराहे में थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बघेली लोकगीत के जरिए लोगों को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया।

थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि एसपी मनीष खत्री के निर्देशन में स्थानीय लोकगीत के जरिए निगाही तिराहे पर साइबर सुरक्षा के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। साइबर सुरक्षा कार्यक्रम प्रसिद्ध आदिवासी नृत्य कर्मा के द्वारा बघेली लोकगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जहां लोगों को साइबर फ्र ॉड से बचने के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा टिप्स दिए जाएंगे। साइबर अपराध को रोकने के लिए बघेली लोकगीत के जरिए लोगों को जागरूक किया गया। लोगों को बताया गया कि फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहें। खाते की जानकारी और ओटीपी किसी से शेयर न करने की सलाह दी। साथ ही लुभावने ऑफर्स से बचने, अपडेटेड एंटीवायरस सॉफ्टवेयर रखने और केवल आधिकारिक स्टोर से सिम कार्ड खरीदने की जानकारी दिया। उन्होंने लोगों को लुभावने ऑफर्स से बचने और केवल विश्वसनीय ई-कॉमर्स वेबसाइट्स का उपयोग करने की सलाह दी।

# विंध्याचल में स्वचालित वील वॉशिंग सिस्टम का हुआ उद्घाटन

**सिंगरौली।** पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एनटीपीसी विंध्याचल ने एक और अनुकरणीय पहल की है। विंध्यांचल प्लांट क्षेत्र में आज स्टेट आफ थे आर्ट ऑटोमैटिक वील वॉशिंग सिस्टम का उद्घाटन किया गया। यह सिस्टम विंध्याचल परियोजना के महा प्रबन्धक येजे राजकुमार के निर्देशन में इसका उद्घाटन म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी संजीव मेहरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विंध्याचल परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। ऑटोमैटिक वील वॉशिंग सिस्टम विंध्याचल परियोजना के पर्यावरण संवर्धन के दिशा में प्रयास है। जिसके तहत संयंत्र क्षेत्र के भारी वाहनों के पहियों से निकलने वाली धूल और मिट्टी स्प्रिंक्लेर के माध्यम से कम हो जाएगी।

# पिपरालाल की खुली जगह बन गए हैं अघोषित कचरा यार्ड

## एनसीएल और नगर निगम नहीं कर रहा कचरे का निस्तारण, रिहायसी क्षेत्र में कचरो का लगा ढेर, आवारा पशु गंदगी में भोजन की करते हैं तलाश

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम भले हर महीने सफाई के नाम पर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रहा है। लेकिन वार्ड क्रमांक 20 पिपरालाल के खुले मैदान में कचरे का ढेर यही बताता नजर आ रहा है कि कचरे का निस्तारण सही ढंग से नहीं हो रहा हैं। स्थिति यह है कि वहां से निकलने वाले को यह फैली गंदगी की दुर्गन्ध परेशान करती रहती है। और जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी पल्ला झाड़ देते हैं।



बता दें कि नगर निगम और एनसीएल सफाई के नाम पर करोड़ों रुपये हर महीने पानी की तरह बहा रही है बावजूद इसके नगरी क्षेत्र सहित एनसीएल से लगे खुले स्थानों में अघोषित कचरा यार्ड बना दिया गया है। शहर की सफाई व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। कई जगहों पर कचरों के ढेर के साथ नालियों के किनारे के लग रहे गंदगी के पहाड़ों ने स्थिति विकट कर दी है। यह स्थिति केवल नालियों एवं नालों की ही नहीं, बल्कि रिहायसी क्षेत्र के कई मार्गों की है। शहर के गली-मोहल्लों में सड़कों पर लगे कचरे व गंदगी के ढेर से स्थिति बिगड़ने लगी है। वार्ड क्रमांक 20 पिपरालाल से एनसीएल की जयंत परियोजना का सेक्टर बी लगा है। सेक्टर बी से लगे खुली जगह में कचरों का ढेर लगा दिया गया है। रोड के किनारे कचरा के लगे अंबार पर आवारा पशु कभी भी गंदगी में भोजन की तलाश करते हुए देखे जा सकते हैं। रास्तों से लगे बिखरे कचरे भी खुद-ब-खुद सफाई व्यवस्था की कड़वी सच्चाई दिखाते हुए नजर आते हैं।

### गनियारी में भी लगा दिया कचरे का ढेर

शहर के बालाजी पेट्रोल टंकी के पीछे तीन से चार जगहों पर कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगा दिए गए हैं। यहां हजारों टन कचरा खुले में फेंका गया है। इस कचरे को यहां पर भटकते पशुओं की ओर से बिखरा दिया जाता है। हवा चलते ही आसपास रहने वाले लोगों को कचरे के ढेर से निकलती दुर्गन्ध परेशान करने लगती है। कचरा का ढेर लगने के कारण इस पूरे क्षेत्र में दुर्गन्ध का वातावरण बना रहता है। ऐसे में आस-पास के रहवासियों को बेहद मुश्किल स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

### कचरे का नहीं हो रहा निस्तारण

स्वच्छ भारत अभियान पूरी तरह फेल है। सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग करके उससे उपयोगी वस्तुएं एवं खाद बनाकर बेचने का दावा भले किया जा रहा है। लेकिन जमीनी हकीकत खुले में पहला कचरा हकीकत बयां कर रहा है। कचरे का सही से निस्तारण नहीं होने की वजह से मच्छर उत्पन्न होते हैं। जिससे मलेरिया फैलने का डर रहता है।

# समर्पण और निष्ठा के साथ करें पार्टी के कार्यों को संपादित : पाण्डेय

## पूर्ण मनोयोग से आजीवन सहयोग निधि के लक्ष्य को करें अर्जित : देव कुमार

**सीधी ।** भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राजेश पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य और भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राजेश पाण्डेय ने दिल्ली में शानदार पार्टी की जीत और नवनिर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान और सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बूथ अध्यक्ष, संयोजक एवं विभिन्न प्रकार के कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर पार्टी के सभी प्रकार के कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराए।

संगठन का कार्य दोस्ती और आत्मीयता के साथ करने का गुरु मंत्र प्रदेश मंत्री श्री पाण्डेय ने दिया। सतत संपर्क, समर्पण और निष्ठा के साथ सभी मंडल अध्यक्ष पार्टी के




कार्यों को करते हुए अपने कार्यकाल को ऐतिहासिक एवं यशस्वी बनाएं।

प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी श्री पाण्डेय ने नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को संगठन कला कौशल के विभिन्न प्रकार के संस्मरण के माध्यम से कला कौशल सिखाए। इसके पश्चात नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान का प्रदेश मंत्री श्री पाण्डेय ने मिठाई खिलाकर यशस्वी कार्यकाल की बधाई और शुभकामनाएं दी। अध्यक्षीय उद्बोधन मे भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि पार्टी के आगामी कार्यक्रम आजीवन सहयोग निधि, दिल्ली विजय का जश्न, परीक्षा पर चर्चा, संत रविदास जयंती, केंद्रीय बजट, मन की बात, अटल जन्म शताब्दि पर होने वाले विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों एवं कार्यों को चुनौती मानकर शानदार ढंग से संपादित करें। सभी मंडल अध्यक्ष निर्वाचन के पश्चात अपने-अपने क्षेत्र का क्षेत्र का अध्ययन, कार्यकर्ताओं से सतत संपर्क और पार्टी हितों को ध्यान में रखते हुए भारत को विश्व गुरु बनाने के अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के साथ जुड़े।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं आजीवन सहयोग निधि के जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह मुन्नू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। इसलिए पार्टी को चलाने के लिए आजीवन सहयोग निधि की आवश्यकता होती है। आजीवन सहयोग निधि को हम सभी लक्ष्य के अनुसार निश्चित रूप से पूर्ण करेंगे, यही मेरी शुभकामनाएं।

भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य इंद्रशरण सिंह चौहान ने कहा कि किसी भी संगठन को चलाने के लिए कार्यकर्ता, कार्यक्रम, कोष और कार्यालय महत्वपूर्ण आयाम होता है। वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष बृज बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि सभी कार्यक्रम और दी गई जिम्मेवारियों को चुनौती पूर्ण मानकर प्रत्येक कार्यकर्ता काम करता है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री अशोक पटेल और आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री विनोद साकेत ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष अंजू पाठक, डॉ विक्रम सिंह चौहान, प्रमोद द्विवेदी, सरस्वती बहेलिया, अमलेश्वर चतुर्वेदी ,सुरेश सिंह चौहान, संदीप शर्मा, जिला मंत्री अमित प्रधान, सुनीता रानी वर्मा, पूजा सिंह कुशराम, ज्योति कुशवाहा, अनीता चौरसिया, सुरेंद्र मणि दुबे, डॉक्टर मनीला सिंह चौहान, पूनम सोनी, राकेश मौर्या, शिवदान साकेत, पंकज पाण्डेय, राजेश द्विवेदी, योगेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र पाण्डेय, आशीष तिवारी, सूबेदार यादव, अखंड प्रताप सिंह, हीरा कुमार सिंह, बुद्ध सेन शाहू, राम सजीवन कचेर, सूर्यपाल सिंह, शिवकुमारी जायसवाल, प्रवीण तिवारी, के के मिश्रा सहित जिला पदाधिकारी, मंडल और मोर्चा के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# हायर सेकण्डरी कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 25 फरवरी से

## परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा

**सीधी**

माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा हायर सेकण्डरी कक्षा 12वीं की वार्षिक परीक्षा 25 फरवरी से आरंभ हो रही है। हायर सेकण्डरी की परीक्षा 25 फरवरी से 25 मार्च तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रात: 8 बजे एवं परीक्षा कक्ष में प्रात: 8.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में प्रात: 8.45 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 10 मिनट पूर्व अर्थात प्रात: 8.50 बजे उत्तर पुस्तिका एवं 5 मिनट पूर्व अर्थात प्रात: 8.55 बजे प्रश्न-पत्र दिए जाएंगे। प्रत्येक परीक्षार्थी का उपस्थिति पत्रक की फोटो से मिलान किया जायेगा। प्रवेश पत्र में भी फोटो लगाना अनिवार्य है।

कक्षा 12वीं के नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की परीक्षा का प्रथम प्रश्न पत्र मंगलवार 25 फरवरी को होगा। इस दिन हिन्दी का प्रश्न पत्र होगा। शुक्रवार 28 फरवरी को अंग्रेजी का प्रश्न पत्र होगा। शनिवार एक मार्च को उर्दू और मराठी का प्रश्न पत्र होगा। मंगलवार 4 मार्च को एनिमल हस्बैण्डरी मिल्क ट्रेड पोल्ट्रीफार्मिंग एवं फिशरीज, विज्ञान के तत्व, भारतीय कला का इतिहास, अर्थशास्त्र तथा फिजिक्स का प्रश्न पत्र होगा। बुधवार 5 मार्च को बायोटेक्नॉलाजी, गायन वादन एवं तबला पखावज का प्रश्नपत्र होगा। गुरूवार 6 मार्च को ड्राइंग एण्ड डिजाइन का प्रश्न पत्र होगा। शुक्रवार 7 मार्च को भूगोल, क्रॉप प्रोडक्शन एण्ड हार्टिकल्चर, स्टिल लाईफ एण्ड डिजाइन, शरीर रचना क्रिया-विज्ञान एवं स्वास्थ्य का प्रश्नपत्र होगा। शनिवार 8 मार्च को बायलॉजी, सोमवार 10 मार्च को मनोविज्ञान, मंगलवार 11 मार्च को इन्फॉरमेटिक प्रेक्टिसेस तथा बुधवार 12 मार्च को संस्कृत का प्रश्न पत्र होगा।

सोमवार 17 मार्च को केमिस्ट्री, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, एलिमेंट आफ साइंस एण्ड मेथमेटिक्स यूजफुल फार एग्रीकल्चर, ड्राइंग एण्ड पेंटिंग और गृह प्रबंध पोषण एवं वस्त्र विज्ञान के प्रश्न पत्र की परीक्षा होगी। गुरूवार 20 मार्च को समाजशास्त्र तथा शुक्रवार 21 मार्च को नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेम वर्क के सभी विषय और शारीरिक शिक्षा का प्रश्नपत्र होगा। शनिवार 22 मार्च को कृषि, होम साइंस (कला समूह) तथा बुककीपिंग एण्ड एकाउंटेन्सी का प्रश्न पत्र होगा। सोमवार 24 मार्च को राजनीति शास्त्र तथा मंगलवार 25 मार्च को गणित का प्रश्न पत्र होगा।

# हाईस्कूल कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 27 फरवरी से

## प्रातः 8.30 बजे के बाद परीक्षा कक्ष में प्रवेश की नहीं होगी अनुमति

**सीधी**

माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा हाईस्कूल कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षा 27 फरवरी से आरंभ हो रही है। हाईस्कूल की परीक्षा 27 फरवरी से 21 मार्च तक आयोजित की जा रही है। परीक्षा नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए प्रातरू 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातरू 8 बजे एवं परीक्षा कक्ष में प्रात: 8.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में प्रात: 8.45 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 10 मिनट पूर्व अर्थात प्रात: 8.50 बजे उत्तर पुस्तिका एवं 5 मिनट पूर्व अर्थात प्रात: 8.55 बजे प्रश्न-पत्र दिए जाएंगे। प्रत्येक परीक्षार्थी का उपस्थिति पत्रक की फोटो से मिलान किया जायेगा। प्रवेश पत्र में भी फोटो लगाना अनिवार्य है।

कक्षा 10वीं के नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की परीक्षा का प्रथम प्रश्न पत्र गुरूवार 27 फरवरी को हिंदी का होगा। शुक्रवार 28 फरवरी को उर्दू तथा शनिवार एक मार्च को नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेम वर्क के समस्त विषयों तथा आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस का प्रश्न पत्र होगा। सोमवार 3 मार्च को अंग्रेजी का प्रश्न पत्र होगा। बुधवार 5 मार्च को मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिन्धी के प्रश्न पत्र तथा मूक बधिर और दृष्टिहीन विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, गायन वादन, तबला पखावज और कम्प्यूटर का प्रश्न पत्र होगा। गुरूवार 6 मार्च को संस्कृत, सोमवार 10 मार्च को गणित, गुरूवार 13 मार्च को सामाजिक विज्ञान तथा शुक्रवार 21 मार्च को विज्ञान के प्रश्न पत्र की परीक्षा आयोजित होगी।

# स्कूल में धूमधाम से मनाया गया पिंक डे सेलिब्रेशन

**सीधी।** जिले के साउथ जोगीपुर स्थित ग्रेस इंटरनेशनल स्कूल द्वारा पिंक डे बड़े ही धूमधाम से मनाया गया इस दौरान सभी बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने पिंक ड्रेस पहनी हुई थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या श्रीमती ऋचा झा ने की। स्कूल में विभिन्न तरह के पिंक डे पर आधारित कार्यक्रम गीत, नृत्य ,खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने बढ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रधानाचार्या श्रीमती झा ने पिंक डे के महत्व को बताया। एवं यह सेलिब्रेशन बच्चों और शिक्षकों के बीच आपसी जुडाव का प्रतीक बना। स्कूल प्रबंधक धरम विजय सिंह परिहार ने कहा की स्कूल में इस तरह की एक्टिविटीज होती रहना चाहिए ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।

# विश्व पुस्तक मेला दिल्ली में कविता की संस्कृति का हुआ विमोचन

**सीधी**

पुस्तक कविता की संस्कृति का विमोचन विश्व पुस्तक मेला, प्रगति मैदान, भारत मंडपम दिल्ली में प्रो. अनिल सिंह द्वारा कराया गया। इनकी अब तक बारह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है इनमें मुखौटो के विरुद्ध, अंधेरे में स्वप्न, एक नदी दस घाट और द मेलोडी ऑफ साइलेंस आदि हैं। कविता की संस्कृति प्रो. अनिल सिंह की 13वीं पुस्तक है। लेखक गंभीर विचारक, कवि और संजय गांधी महाविद्यालय में अंग्रेजी के प्राध्यापक हैं। प्रो. अनिल सिंह ने कहा कि यह पुस्तक मेरी कविता की समझ आत्मापोषी जीवन के




मूल तत्व और कविता के गंभीर यथार्थता का प्रतीक है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. प्रभात मिश्र ने कहा कि कविता की संस्कृति कविता के आत्म सत्य को समझने के लिए महत्वपूर्ण कृति है और यह पुस्तक साहित्य की अमूल्य धरोहर साबित होगी। दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. केदार प्रसाद मीणा ने कहा कि इस पुस्तक में पाश्चात्य और पूर्वात्य दृष्टिकोण का विश्लेषण कर सतही मार्क्सवादी जीवन दृष्टि को नकारा गया है। इस रूप में यह किताब गंभीर जीवन दृष्टि की खोज करती है। डॉ. शिव शंकर मिश्र सरस ने कहा कि यह पुस्तक महत्वपूर्ण विचारों और गंभीर चिन्तन से भरी हुई है और यह आलोचना के क्षेत्र में मील का पत्थर है। पुस्तक विमोचन के लिए अंग्रेजी की प्राध्यापक डॉ. अंकिता सोनी, डॉ. मनीला सिंह, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. रीतू साहू, विकास चतुर्वेदी, सचिन सिंह, निकिता सिंह, मयंक सिंह, शशांक पाण्डेय, प्रवेश शुक्ला, साक्षी पाण्डेय, साक्षी सिंह आदि ने बधाई प्रेषित की है।

# सायबर सुरक्षा पर जन जागरूकता अभियान आयोजित

**सीधी।** साइबर अपराधों की रोकथाम व आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिये पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा दिनांक 1 फरवरी 2025 से प्रारम्भ कर 11 फरवरी 2025 तक सायबर सुरक्षा जागरूकता सेफ क्लिक अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आज दिनांक 9 फरवरी को अभियान के तहत विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं जिला व थाना स्तर पर




सार्वजनिक व भीड़-भाड़ वाले जगहों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को साइबर अपराधों व इससे सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कोतवाली पुलिस द्वारा गांधीचौक चौपाटी में, थाना बाहरी ग्राम भंवरी में, थाना जमोड़ी गणेश स्कूल कमला कॉलेज में, मझौली द्वारा शासकीय हाई स्कूल जोबा, वही ग्राम पोड़ी बजवाई एवं ग्राम कमच थाना कुसमी, थाना भुइमाड़ द्वारा ग्राम देवरी, थाना कमर्जी द्वारा ग्राम हटवा बढ़ा टोला, थाना रामपुर नैकिन द्वारा हत्था तिराहा में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों व आम जनता को जागरूक करने का कार्य किया गया। आयोजित कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा, पहचान की चोरी एवं सुरक्षित ब्राउजिंग पर एक क्विज का आयोजन किया। साथ ही ऑनलाइन वित्तीय लेनदेन पर विशेषज्ञों के माध्यम से सुरक्षित लेनदेन करने की समझाइश के साथ साइबर अपराध, महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में असुरक्षित इंटरनेट उपयोग के गंभीर परिणामों से अवगत कराया।

# कांग्रेस प्रवक्ता पंकज सिंह को पितृशोक

**सीधी।** जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज सिंह पटपरा के पिताजी संतोष सिंह के निधन पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि संतोष सिंह का असामयिक निधन बहुत दुखद है चुरहट परिवार ने अपना एक सपूत खो दिया ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे एवं परिवार को असीम दुख सहने का साहस प्रदान करें। पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह सिंगरौली कांग्रेस जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने भी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है कि महान आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

# नाबालिग अपहृता को बहरी पुलिस ने किया दस्तयाब

**सीधी।** ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत बहरी पुलिस नें नाबालिक अपहृत को 24 घंटे के भीतर सिंगरौली से ढूंढकर वैधानिक कार्यवाही उपरांत परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार अपनों के चेहरे पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से गुम बालक बालिकाओं को दस्त्याब करने के उद्देश्य से ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी बहरी निरीक्षक राकेश बैस के नेतृत्व मे बहरी पुलिस नें नाबालिक अपहृता को ढूंढकर परिजनों को सुपुर्द किया। पुलिस के अनुसार दिनांक 8 फरवरी 2024 को फरियादी थाना बहरी मे उपस्थित आकर इस आशय की रिपोर्ट किया कि उसकी नाबालिक लडक़ी दिनांक 27 जनवरी 2025 को घर से कपड़ा खरीदने का कह कर बहरी बाजार गई लेकिन वापस नहीं आई। मेरे द्वारा आस पड़ोस नाते रिश्तेदारी सभी जगह पता किया गया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। मामला गंभीर होने के कारण थाना प्रभारी बहरी नें वरिष्ठ अधिकारीयों को सूचित करते हुए उनके निर्देशन में मामला पंजीबद्ध कर तुरंत टीम गठित कर नाबालिक के पता तलाश हेतु रवाना किया जो लापता लडक़ी को 24 घंटे के भीतर सिगरौली से ढूंढक़र थाना लाये तथा वैधानिक कार्यवाही उपरांत अपहृता को परिजनो को सुपुर्द कर दिया गया है। उपरोक्त समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश बैस, प्रआर संतकुमार सिंह, कमलेश प्रजापति, आरक्षक चालक दिग्विजय सिंह, मआर पिंकी दुबे एवं सायबर सेल सीधी से आरक्षक प्रदीप मिश्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# स्वास्थ्य विभाग के गेट की मरम्मत भी कराना भूला विभाग




**सिहावल।** जनपद सिहावल क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिहावल की हालत बद से बदतर इस अस्पताल का प्राथमिक गेट पूरी कई महीनो से तरह टूटा हुआ है और अस्पताल के जो मेंटेनेंस का खर्चा आता है वह पैसा कहां जाता है यह समझ से परे है सिहावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत ना जाने कितने झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है डॉक्टर बीएमओ संजय पटेल कार्यवाही करने से कभी परहेज नहीं करते पैसों में जगह-जगह गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलना और वहां पर नर्स उपस्थिति नहीं रहती। कभी भी अधिकारी निरीक्षण तक नहीं करते कार्यवाही तो बहुत दूर की बात है वही जगह-जगह विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कुछ डॉक्टर खुद का निजी क्लीनिक खोलकर उसमें बैठे रहते हैं। सरकारी दफ्तरों पर नहीं जाते ऐसे में सिहावल बीएमओ संजय पटेल कार्यवाही न करना प्रशासनिक व्यवस्था सिहावल क्षेत्र में स्वास्थ्य के मामले में जीरो हो गई है।

आम जनता सिर्फ झोलाछाप डॉक्टरों के सहारा ले रही है और यह झोलाछाप डॉक्टर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ भी कर रहे हैं और न जाने कितने लोगों की बाली का बकरा भी बन चुके हैं। कार्यवाही और रिपोर्ट दर्ज हो जाने के बाद भी कुछ नहीं होता। सत्ता परिवर्तन के बाद भी सिहावल की स्वास्थ्य व्यवस्था में एक भी सुधार नहीं हुआ है हालात जस के बनी हुई है।

# महिला सरपंच के साथ युवक ने की बदसलूकी

## वीडियो वायरल के बाद थाने में हुई शिकायत, मामला पंजीबद्ध

**सीधी**

जनपद पंचायत सिहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत भनवारी में महिला सरपंच के साथ युवक द्वारा गाली-गलौच करने का वीडियो वायरल हुआ है। जिस पर सरपंच द्वारा बहरी थाने में शिकायत की गई। जिस पर पुलिस द्वारा मामला पंजीबद्ध किया गया है। निर्माण कार्यों को लेकर युवक ने बेतुका गाली देने सहित अभद्र टिप्पणी भी किया।

ग्राम पंचायत भनवारी अंतर्गत हो रहे निर्माण कार्य को लेकर इस तरह का वीडियो सामने आया है कि जिस पर गांव के ही युवक ने सरपंच के साथ अनाब-सनाब गाली देना शुरू कर दिया। जिस पर सरपंच सुमन साहू पति राजबहोर साहू निवासी भनवारी द्वारा बहरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि मैं भनवारी की सरपंच हूं। 8



फरवरी को पुल निर्माण का काम फुलवारी तालाब के पास चल रहा था। तब करीब शाम 4-30 बजे राजकुमार उर्फ मुन्ना द्विवेदी पिता सुमंत निवासी फुलवारी मेरे पास आए एवं मुझे अश्लील गालियां देने लगे। मैने उनसे पूंछा कि अश्लील गालियां क्यों दे रहे हो तो उन्होने मुझे जान से मारने की धमकी दी। मैने अपने पति राजबहोर को फोन से बुलाया तब वह मौके पर आए और राजकुमार द्विवेदी को समझाइस दिए। वहां काम कर रहे मजदूर बुधनी कोल, राजीव कोल, संतोष कोल एवं अन्य लोगों ने मना किया। जिसके बाद वह चला गया। जिसकी रिपोर्ट मैने थाने में दर्ज कराया है। पूरे मामले में आरोपी के खिलाफ बहरी थाने में फिलहाल धारा 296, 351 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

इस संबंध में महिला सरपंच ग्राम पंचायत भनमारी सुमन साहू ने कहा कि हर काम में बाधा डालने का काम कुछ लोग कर रहे हैं। जिससे मैं तंग हूं। यहां तक कि मुझे गाली भी देते हैं तो भी मैं बर्दाश्त करके जनता के हितों के लिए काम कर रही हूं। लेकिन हद तब हो जाती है जब अश्लील गालियां दी गई। जिससे मुझे मजबूरन थाने में रिपोर्ट दर्ज करानी पड़ी। मैं पुलिस से यह मांग कर रही हूं कि महिला के सम्मान को लेकर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी कर उचित कार्यवाही की जाए।

हालांकि भनमारी सरपंच के खिलाफ ग्रामीण जनता द्वारा जन सुनवाई सहित प्रशासनिक स्तर तक कई शिकायतें की जा चुकी हैं। लेकिन जांच करने के बहाने अधिकारी अपना काम करने के बाद निकल जाते हैं। पंचायत में भ्रष्टाचार की शिकायतें हैं लेकिन यह भी नहीं कि हम कानून अपने हांथ में लें। जिस तरह गाली-गलौच का वीडियो वायरल हुआ है उसकी निंदा हर जगह हो रही है। इस मामले में थाना प्रभारी बहरी राकेश बैस से बात करना चाहा तो वह फिलहाल फोन नहीं उठा रहे हैं। अब देखना है कि आरोपी के खिलाफ कार्यवाही कराने के बाद गिरफ्तारी कराते हैं या फिर राजनीतिक दबाव में मामले को यूं ही निपटाने का काम करेंगे।

## संपादकीय

### तालमेल से बनेगी बात

पांच विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों, जैसे कर्नाटक और तमिलनाडु, ने लष्ट कानूनों के मसौदे का विरोध किया है। राज्यों और केंद्र के बीच इस मुद्दे पर मतभेदों और संवेदनशीलता का कारण विवादास्पद वीसी चयन प्रक्रिया और राज्यपालों की सक्रियता है। वीसी कानूनों के मसौदे के विरोध में पांच राज्य सरकारों का एक साथ सामने आना कई सवाल खड़े करता है। हालांकि इन पांचों राज्यों - कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना ङ्क में विपक्षी दलों का शासन है। ऐसे संकेत भी हैं कि भले इनके साथ एक मंच पर न आए हों, लेकिन कई अन्य राज्य भी इस मसौदे से असहमति रखते हैं। अगर सिर्फ इन पांच राज्यों के विरोध की बात की जाए और यह मान लिया जाए कि इसके पीछे राजनीति की भी प्रत्यक्ष या परोक्ष भूमिका होगी तो भी यूनिवर्सिटियों के संचालन, वाइस चांसलरों (वीसी) की चयन प्रक्रिया और असिस्टेंट प्रफेसरों की नियुक्ति के लिए पात्रता जैसे मसलों पर केंद्र और राज्य सरकारों के बीच राजनीतिक विभाजन गंभीर मसला है। केंद्र और राज्यों में अलग-अलग दलों की सरकारों के बावजूद अगर पहले इस तरह का विभाजन नहीं दिखता था और अब दिख रहा है तो साफ है कि किसी न किसी स्तर पर ऐसी गड़बड़ी आई है या आ रही है जो पहले नहीं थी। इन राज्यों की शिकायतों और सुझावों का जहां तक सवाल है तो ऐसे मामलों पर चलताऊ ढंग से कोई निष्कर्ष निकाल लेना सही नहीं होगा। लेकिन अगर राज्य सरकारों को वीसी के चयन में अपनी भूमिका पूरी तरह खत्म किए जाने पर एतराज है तो उनकी आपत्ति को एकबारगी खारिज नहीं किया जा सकता। शिक्षा आज भी समवर्ती सूची में है। ऐसे में इस बात का ख्याल रखना जरूरी है कि राज्यों की भूमिका के लिए पर्याप्त गुंजाइश बनी रहे। केंद्र और राज्य सरकारों के रिश्तों में अगर हाल के वर्षों में तनाव बढ़ा है तो उसकी एक वजह खासकर विपक्ष शासित राज्यों में राज्यपालों की अति-सक्रियता भी है। इससे इन राज्य सरकारों के बीच ऐसा संदेह बना है कि केंद्र राज्यपालों के जरिए उनके अधिकार क्षेत्र में दखलंदाजी करना चाहता है। बहुत संभव है कि लष्ट नियमों के मसौदे पर मतभेदों के ऐसा रूप लेने के पीछे भी इन संदेहों का हाथ हो। कारण चाहे जो भी हो, केंद्र और राज्यों के बीच इस तरह के संदेहों का कोई औचित्य नहीं बनता।

# आम आदमी पार्टी की हार, भाजपा की सरकार

**दिल्ली राज्य में विधानसभा की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। इसमें अब तक अपने आपको अपराजेय मान रही आम आदमी पार्टी को बहुत बड़ी निराशा हाथ लगी है। भारतीय जनता पार्टी ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने के साथ ही सरकार बनने का रास्ता साफ कर दिया है। कहा जाता है कि जिसको जल्दी सफलता मिलती है, वह उस सफलता को यथावत नहीं रख सकता। जिसको संघर्ष के बाद सफलता मिलती है, वह स्थायित्व को प्राप्त कर सकती है, क्योंकि संघर्ष करने से अनुभव आता है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को ऐसी ही सफलता मिली, जिसे संभालने का राजनीतिक अनुभव उनके पास नहीं था। लोक लुभावन वादे एक निश्चित अवधि तक ही सुख का अनुभव करा सकते हैं, वह लम्बे समय तक सफलता का आधार नहीं बन सकता। दिल्ली के विधानसभा चुनाव में लगभग यही दिखाई दिया। केजरीवाल को बिना लम्बे परिश्रम के सत्ता मिल गई, जिसे वे स्थायित्व नहीं दे सके। वे खुद भी चुनाव हार गए और उनके बाद आम आदमी पार्टी में दूसरे नंबर पर आने वाले नेता मनीष सिसोदिया को भी पराजय का सामना करना पड़ा।**

(सुरेश हिंदुस्तानी)

दिल्ली राज्य में विधानसभा की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। इसमें अब तक अपने आपको अपराजेय मान रही आम आदमी पार्टी को बहुत बड़ी निराशा हाथ लगी है। भारतीय जनता पार्टी ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने के साथ ही सरकार बनने का रास्ता साफ कर दिया है। चुनाव परिणाम के बारे में अध्ययन किया जाए तो यह ध्यान में आता है कि आम आदमी पार्टी का सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस ने किया है। इससे विपक्ष का वोट विभाजित हो गया। इसका आशय यह भी है कि पिछले चुनाव में आम आदमी पार्टी को जो आशातीत समर्थन मिला, वह समर्थन केवल आम आदमी पार्टी और उसके नेताओं के प्रति पूरा समर्थन नहीं था। कहा जाता है कि पिछले चुनाव में अगर कांग्रेस का अंदरूनी समर्थन नहीं होता तो आम आदमी पार्टी राजनीतिक आकाश में चमक नहीं बिखेर सकती थी। इस पर एक बात कहना बहुत ही आवश्यक है कि जो दूसरों की शक्ति से चमकते हैं, उनकी चमक लम्बे समय तक नहीं रहती। केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की चमक ऐसी ही थी। जहां तक पंजाब में सरकार बनाने की बात है तो यही कहना समुचित होगा कि वहां चुनाव के समय दिल्ली की योजनाओं को प्रचारित किया गया, जिसका राजनीतिक लाभ आम आदमी पार्टी को मिला।

दिल्ली के विधानसभा चुनाव परिणाम का अध्ययन किया जाए तो यही परिलक्षित होता है कि इस बार अरविन्द केजरीवाल ने कांग्रेस को आईना दिखाने के प्रयास में अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने का ही काम किया है। अगर अरविन्द केजरीवाल कांग्रेस की बात मानकर गठबंधन कर लेते तो चुनाव परिणाम की तस्वीर कुछ और ही होती, लेकिन अरविन्द केजरीवाल का अहंकार ही उनको ले डूबा। हम जानते हैं कि एक बार आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि 'मोदी जी दिल्ली में आम आदमी पार्टी को इस जन्म में तो आप हरा नहीं सकते'। ऐसी भाषा को सुनकर यही लगता है कि केजरीवाल को अहंकार हो गया था। दूसरी बड़ी बात यह है कि उन पर भ्रष्टाचार के बड़े आरोप लगे थे, इन सब आरोपों पर उन्होंने हमेशा भाजपा पर निशाना साधने का काम किया। जबकि यह सारा काम जांच एजेंसियों और सर्वोच्च न्यायालय ने किया। अरविन्द केजरीवाल को जेल भेजने का निर्णय सर्वोच्च न्यायालय का था, लेकिन उनका आरोप भाजपा पर था। दिल्ली की जनता ने केजरीवाल की इस बात को झूंठ ही माना। आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल इस तथ्य को भूल गए कि भारतीय जनता पार्टी का भी दिल्ली में व्यापक राजनीतिक प्रभाव है। लोकसभा के चुनाव में भाजपा को दिल्ली की सभी सीट प्राप्त होना, इसको प्रमाणित भी करता है। विधानसभा में भाजपा को भले ही कम सफलता मिली हो, लेकिन इससे भाजपा के राजनीतिक प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता। बड़ी बात यह भी है कि भाजपा ने भी इस चुनाव को आम आदमी पार्टी की तर्ज पर ही लड़ा। भाजपा ने लोहे को लोहे से काटने की रणनीति पर काम किया, जिसमें भाजपा ने बाजी मार ली।




दिल्ली के चुनाव में इस बार जिस प्रकार से आधुनिक संचार तकनीक का प्रयोग किया गया, उसने भी केजरीवाल की कथनी और करनी की भिन्नता को ही उजागर किया। केजरीवाल एक बात पर टिके दिखाई नहीं दिए। वे कभी कुछ तो कभी उसके विपरीत दिखाई दिए। यमुना साफ करने के नाम पर बार बार वादे करना आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के लिए भारी पड़ गया। यह बात सही है कि वादे करना सरल है, उनको पूरा करना उतना ही कठिन है। केजरीवाल जो वादे कर रहे थे, वे वही वादे थे, जो उन्होंने दस वर्ष पूर्व किए थे। उनमें से कई बड़े वादे अब तक पूरे नहीं किए जा सके। सबसे बड़ा वादा यमुना साफ करने का ही था। इसके अलावा भ्रष्टाचार समाप्त करने के नाम पर गठित आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल खुद ही भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की हवा खा चुके थे। हद तो तब हो गई, जब वे अपनी सरकार को जेल से ही चलाने लगे। उधर उनको ज़मानत मिलने पर सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट निर्देश दिया कि केजरीवाल न तो मुख्यमंत्री कार्यालय में जा सकते हैं और न ही किसी फ़ाइल पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। केजरीवाल अभी भी आरोपी हैं, इसलिए उनका मुख्यमंत्री बनना असंभव ही था, क्योंकि अगर वे चुनाव जीतते तो बिना काम के मुख्यमंत्री ही रहते। ये सब भ्रष्टाचार के आरोप के कारण ही हुआ। वहीं दूसरी तरफ केजरीवाल के राजनीतिक गुरु के रूप प्रचारित समाजसेवी अण्णा हजारे इस चुनाव में केजरीवाल से रूठे से दिखाई दिए। इसको केजरीवाल के विरोधियों ने एक राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया, जो सही निशाने पर जाकर लगा है।

दिल्ली चुनाव के बारे में मतदान के बाद किए गए सर्वेक्षण परिणाम को पुष्ट करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि सर्वेक्षण कई बार गलत भी साबित हुए हैं, लेकिन इस बार का सर्वेक्षण सटीक होकर वही तस्वीर दिखा रहे हैं, जो उन्होंने देखा। इससे ऐसा लगता है कि अरविन्द केजरीवाल की आम आदमी पार्टी अपना स्वयं का परीक्षण करने में चूक गए। उनको लगता ही नहीं था कि उनकी पार्टी सत्ता से बाहर भी हो सकती है।

आम आदमी पार्टी के सत्ता से बाहर होने के बारे में यह भी कहा जा रहा आम आदमी पार्टी को दूसरों ने कम उनके अपनों ने ही पराजित किया है। आम आदमी पार्टी के कई बड़े नेता इस बात से नाराज थे कि आतिशी मार्लेना को मुख्यमंत्री क्यों बनाया। जबकि आम आदमी पार्टी में इस पद के लिए कई दावेदार थे। अतः यह स्वाभाविक थी जो नेता राजनीतिक आकांक्षा को लेकर कार्य कर रहे थे, उनके सपनों पर पानी फिर गया। कहा यह भी जा रहा है कि मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने के बाद आतिशी खुद नहीं चाहती थी कि अरविन्द केजरीवाल जीत कर आएं, क्योंकि वे जीतते तो आतिशी को मुख्यमंत्री का पद छोड़ना पड़ता। इसलिए यह कहना उचित होगा कि आम आदमी पार्टी की पराजय में उनके अपनों का ही योगदान है। रही सही कसर कांग्रेस ने पूरी करदी। कहा यह भी जा रहा है कि इंडी गठबंधन का बिखराव भी आम आदमी पार्टी की पराजय का कारण बना। अभी तक राजनीतिक शून्यता का टैग लगा चुकी कांग्रेस पार्टी ने इस चुनाव को बहुत गंभीरता से लिया। कांग्रेस ने हालांकि उन्हीं क्षेत्रों में बहुत परिश्रम किया, जहां उनका व्यापक प्रभाव था। लगभग बीस सीटों पर किए गए इस प्रयास के कारण भले ही कांग्रेस अपेक्षित सफलता के द्वार तक नहीं पहुंची, लेकिन कांग्रेस के इसी प्रयास ने आम आदमी पार्टी के लिए सत्ता के मार्ग का दरवाजा बंद करने में प्रमुख भूमिका निभाई। पिछले लोकसभा चुनाव में साथ जीने मरने की कसम खाने वाले भाजपा विरोधी राजनीतिक दल एक मंच पर आकर मिलकर चुनाव लड़ने की बात कर रहे थे, लोकसभा चुनाव में कहीं कहीं ऐसा दिखा भी, लेकिन दिल्ली के विधानसभा चुनाव में केजरीवाल खुद ही अकेले मैदान में कूद गए। कांग्रेस भी मैदान में आ गई और विपक्ष का वोट, जो अब तक केजरीवाल को ही मिलता था, वह नहीं मिल सका। इसलिए कहा जा सकता है कि कांग्रेस ने भी आम आदमी पार्टी को हराने का काम किया। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# क्या खुद से ही हार गए अरविंद केजरीवाल... हार के क्या हैं मायने?

(पंकज सिंह)

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की इस चुनाव में करारी हार हुई है। पार्टी के कई बड़े नेता चुनाव हार गए हैं लेकिन सबसे अधिक चर्चा अरविंद केजरीवाल की हो रही है। अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली सीट से चुनाव हार गए हैं। आप की इस हार के साथ ही दिल्ली में 27 साल बाद बीजेपी की वापसी हो रही है।

बेंचमार्क... एक मानक या मापदंड है जिसका उपयोग किसी वस्तु, प्रक्रिया या प्रदर्शन की तुलना करने या मूल्यांकन करने के लिए किया जाता है। आमतौर पर इस शब्द का प्रयोग अर्थव्यवस्था में किया जाता है लेकिन हम यहां इसका प्रयोग राजनीति में कर रहे हैं। खासतौर पर अरविंद केजरीवाल के लिए। दिल्ली चुनाव के आज नतीजे आए और जैसा अनुमान लगाया जा रहा था ठीक वैसा ही हुआ है। न केवल आम आदमी पार्टी (आप)की हार हुई है बल्कि अरविंद केजरीवाल भी चुनाव हार गए। बीजेपी (भाजपा) की 27 साल बाद दिल्ली में वापसी हो रही है। बीजेपी की जीत बहुत बड़ी है और इसमें कोई शंका नहीं लेकिन केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की हार उससे भी कहीं बड़ी है। हार-जीत के कारणों पर आने वाले कई दिनों तक चर्चा होगी लेकिन एक बात यह भी है कि क्या अरविंद केजरीवाल खुद से ही हार गए।

खुद से हार जाना थोड़ा अजीब लग सकता है लेकिन यह सच्चाई भी है। जिस शब्द की चर्चा ऊपर हुई राजनीति में अरविंद केजरीवाल ने एक बेंचमार्क सेट किया। न केवल अपने लिए बल्कि अपनी पार्टी के लिए भी। दिल्ली और देश की राजनीति में केजरीवाल मॉडल की बड़ी चर्चा हुई। केजरीवाल मॉडल में बिजली-पानी तो था ही लेकिन सबसे बड़ी




चीज थी वो बात कट्टर ईमानदारी। जिस पर शुरुआत में दिल्ली की जनता ने आंख मूंद कर विश्वास किया। राजनीति से इतर एक ऐसा इंसान राजनीति में आया जिसकी बात पर दिल्ली की जनता ने खूब विश्वास किया।

अब ऐसे में सवाल है कि फिर ऐसा क्या हुआ कि जिस पर दिल्ली की जनता ने पहले आंख मूंदकर विश्वास किया अब उन्हीं को हरा दिया। इसकी शुरुआत एक दो दिन में नहीं हुई। 2013 को छोड़ दें तो उसके बाद के दो चुनाव 2015 और 2020 के चुनाव में केजरीवाल के समर्थन में पूरी आंधी चली। जीत ऐसी जिसने देश की राजनीति में इतिहास दर्ज कर दिया। आमतौर पर ऐसा कम ही देखने को मिलता है कि किसी एक दल को लगभग सभी सीटें मिल जाए। केजरीवाल की इस जीत से न केवल दिल्ली बल्कि दिल्ली के बाहर भी चर्चा हुई। अब इस चुनाव में ऐसा क्या हुआ कि अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी दोनों हार गए।इस चुनाव की बात करते हैं। एक ओर आप और दूसरी ओर बीजेपी और कांग्रेस। चर्चा फिर भी सबसे अधिक अरविंद केजरीवाल की हो रही थी। दिल्ली के चुनाव में पहले फ्री बिजली और पानी की चर्चा होती थी लेकिन इस बार आम आदमी पार्टी, बीजेपी और कांग्रेस तीनों ही दलों की ओर से लगभग एक जैसे वादे किए गए। महिलाओं के खाते में एक निश्चित रकम डालने की बात हो या फ्री बिजली-पानी की बात हो। अब ऐसे में जनता के सामने वादों के लिहाज से लगभग एक जैसे विकल्प थे। अब ऐसे में सवाल उठता है कि फिर अरविंद केजरीवाल पर दिल्ली की जनता ने क्यों भरोसा नहीं किया।इस सवाल का जवाब इस बात में छिपा है कि अरविंद केजरीवाल की जो सबसे बड़ी ताकत थी वह सबसे बड़ी कमजोरी में बदल गई। अरविंद केजरीवाल जिस बात को डंके की चोट पर कहते थे कि उनकी ईमानदारी पर कोई सवाल नहीं खड़े कर सकता। शराब घोटाला, शीशमहल ये दो ऐसी बड़ी बातें है जिसके बाद दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल की बातों पर विश्वास करना कम कर दिया। इस चुनाव में दिल्ली की जनता ने विश्वास तो नहीं ही किया बल्कि उनसे नाराज भी हो गई। फ्री बिजली-पानी... इसकी शुरुआत भले ही अरविंद केजरीवाल ने की हो लेकिन जब वही वादे दूसरे दलों ने कर दिए तब भी केजरीवाल आगे होते लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जनता ने उनकी बातों पर यकीन नहीं किया।

केजरीवाल आप की धुरी हैं और अब इस हार के बाद न केवल आम आदमी पार्टी के संयोजक बल्कि पूरी पार्टी के सामने गंभीर चुनौती खड़ी हो गई है। इस हार के बाद अपने कार्यकर्ताओं और पार्टी को एकजुट रखना अरविंद केजरीवाल के लिए बड़ी चुनौती होगी।

## वर्ग पहेली 5638

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | | ■ | 8 | |
| ■ | 9 | | 10 | | ■ | | ■ |
| 11 | ■ | ■ | | ■ | ■ | 12 | 13 |
| | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 | |
| | ■ | 17 | | | ■ | ■ | |
| 18 | | | ■ | 19 | 20 | ■ | |
| | ■ | 21 | | ■ | 22 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 21 सितंबर 1964 माल्टा ने इस देश से स्वतंत्रता हासिल की (3)
4. ये भारत के उपराष्ट्रपति थे (कार्यकाल 1997-2002)(4)
7. जल से उतपन्न वस्तु (3)
8. सोपान, सीढ़ी, जीवित रहना (2)
9. अभ्यास पुस्तिका को अंग्रेजी में यह कहते है (4)
12. वह का रूप जो विभक्ति लगाने पर यह रूपधारण करता है (2)
14. कारण कार्य भाव, अन्योअन्य भाव, आकांक्षा, चाह (3)
16. बराबर, तुल्य (2)
17. अध्यापक, टीचर, प्रवीण व्यक्ति (3)
18. मनुज, इंसान, मनु संतति (3)
19. किस समय, किस वक्त (2)
21. यह थाईलेंड का एक पूर्व नाम है (2)
22. पहर-पहर पर घंटा बजने का शब्द, समय घोष, याम घोष (3)

**ऊपर से नीचे**
1. पुल, सेतु (अंग्रेजी) (2)
2. दर्जी, वेशकार, सूचिक (3)
3. इराक का एक प्रमुख शहर है जहां सुन्नियों के चौथे खलीफा याने शिया इस्लाम के पहले इमाम अली की मजार होने की वजह से ये इस्लाम तथा शिया इस्लाम का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है (3)
4. किसान, खेतिहर (3)
5. मवेशीशाला, पीनघर, बाड़ा (5)
6. अनमित, वृक्ष का एक भाग, विनत (2)
10. यह हंगरी देश के मध्य उत्तरी भाग में डैन्यूब नदी के दोनों किनारों पर स्थित है (4)
11. यह नेपाल के पूर्वांचल विकास क्षेत्र का एक प्रांत है (5)
13. बोध प्राप्त, तथागत, सुधी (5)
14. कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि (4)
15. चिड़ियों को फंसाने का जाल, पक्षीपाश (3)
20. धब्बा, बतौर निर्माता यश चोपड़ा की पहली फिल्म जिसेमें राजेश खन्ना, राखी व शर्मिला थी (3)

### वर्ग पहेली 5637 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | य | त | ना | म | ■ | भि | नी |
| दु | म | दा | र | ■ | | री | ति |
| र | ज | ■ | द | ■ | खु | श | ■ |
| ■ | ■ | रि | पु | ता | ■ | ■ | पा |
| श | मा | ■ | श | ज | गु | रू | ■ |
| रा | मा | य | ण | ■ | ल | ब | श |
| फ | ■ | हू | ■ | जं | जा | ल | ■ |
| त | क | दी | र | ■ | र | ■ | ■ |

# मजबूत या कमजोर... दिल्ली को किस हाल में छोड़कगए केजरीवाल

(अमित शुक्ला)

दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने आम आदमी पार्टी का किला ढहा दिया है। लुभावनी स्कीमों से बार-बार सत्ता में वापसी करने वाली आप को बीजेपी ने सत्ता से बाहर कर दिया है। केजरीवाल सरकार की मुफ्त सेवाओं के मॉडल ने दिल्ली की वित्तीय सेहत बिगाड़ी, जिससे दिल्ली सरकार पर आर्थिक बोझ बढ़ा।

अरविंद केजरीवाल का किला ढह गया है। बीजेपी ने इसमें सेंध लगा दी है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भगवा पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया है। आम आदमी पार्टी (आप) को राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता से बाहर कर 27 साल बाद बीजेपी ने इसे अपनी गिरफ्त में ले लिया है। कहा जाता है कि केजरीवाल सरकार के बार-बार सत्ता में वापसी के पीछे उसकी स्कीमों का बड़ा हाथ रहा है। इन स्कीमों ने बिजली, पानी से लेकर परिवहन तक कई चीजों को 'मुफ्त' बना दिया। राजधानी जैसा 'रेवड़ी' मॉडल देश के किसी राज्य में नहीं दिखता है। लेकिन, इसकी कीमत दिल्ली ने चुकाई है। इसने उसके खर्चों को बढ़ाया और आमदनी को कम किया। कुछ महीने पहले वित्त विभाग ने मुख्यमंत्री को बताया था कि दिल्ली सरकार के खजाने में पहली बार 2024-25 के अंत तक घाटा पड़ सकता है। खर्च के आमदनी से ज्यादा होने की आशंका है। इसका मतलब यह है कि केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को दिल्ली जिस मजबूत आर्थिक स्थिति में मिली थी, पार्टी उसे कमजोर छोड़कर विदा हो रही है।

**आखिरी बार 1993 में बनी थी बीजेपी सरकार**

बीजेपी ने 1993 में दिल्ली में सरकार बनाई थी। उस चुनाव में भागवा पार्टी को 49 सीट पर जीत मिली थी। इसके बाद 2020 तक हुए सभी चुनावों में बीजेपी को हार का सामना ही करना पड़ा। बीजेपी 2015 के चुनाव में सिर्फ तीन सीट पर सिमट गई थी। वहीं, 2020 के चुनाव में उसकी सीट संख्या बढ़कर आठ हो गई थी। अन्ना आंदोलन से उभरे अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने उसे सत्ता से दूर बनाए रखा। 2015 में 67 सीट जीतकर आप ने सरकार बनाई। 2020 में 62 सीट हासिल कर उसने सत्ता में धमाकेदार वापसी की। इसके पहले 2013 के अपने पहले चुनाव में आप ने 28 सीट जीती थीं। लेकिन, वह सत्ता से दूर रह गई थी। बाद में कांग्रेस के आठ विधायकों के समर्थन से केजरीवाल पहली बार दिल्ली के सीएम बने थे।

**वित्तीय कुप्रबंधन के लगते रहे हैं आरोप**

आप सरकार की ओर से शुरू की गई स्कीमें उसकी बार-बार वापसी के पीछे सबसे बड़ी वजह बनीं। लेकिन, इन स्कीमों ने सरकार के खजाने पर बड़ा बोझ डाला। बीजेपी उस पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाती रही है। हाल में बीजेपी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कई आंकड़ों के साथ दिल्ली की वित्तीय सेहत बिगाड़ने के लिए आप को कसूरवार ठहराया था। उन्होंने कहा था कि दिल्ली वित्तीय सेहत के मामले में कभी बेहतर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में गिनी जाती थी। लेकिन, अब आप सरकार के तहत दिल्ली का बजट घाटे में जाने की आशंका है। 2015-16 में दिल्ली का बजट सरप्लस 1.56 फीसदी था, जो तब से गिरता जा रहा है और अब निगेटिव होने की ओर बढ़ चला है।

## आज का राशिफल

**मेष**
आज दिन करियर के मामले में बेहद शुभ है। भाग्य आपका साथ देगा और तरक्की के रास्ते खुलेंगे। धन और सम्मान में वृद्धि से मन प्रसन्न रहेगा। निवेश के लिए दिन अच्छा है, आपको आगे चलकर बेहतर रिटर्न मिलेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने से मान-सम्मान बढ़ेगा। व्यापार में कुछ नए बदलाव होंगे जो लाभदायक साबित होंगे।

**वृष**
आज दिन करियर में सफलता से भरा होगा। आपको तरक?की प्राप?त होगी और आपके सांसारिक सुखों में भी वृद्धि होगी। नौकरी और परिवार के बीच संतुलन बनाए रखने में कामयाब रहेंगे। शाम को आर्थिक मदद मिल सकती है। इससे सम्मान में भी वृद्धि होगी और मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन**
करियर में मेहनत करने से मनचाही सफलजा प्राप?त होगा। रुके हुए काम पूरे होंगे और नए काम में निवेश से लाभ होगा। शाम के समय परिवार में किसी बात को लेकर मनमुटाव हो सकता है। वाहन खराब होने से आपको नुकसान हो सकता है। अचानक खर्च बढ़ सकता है।

**कर्क**
दिन करियर में लाभदायक है। हर काम में मनचाही सफलता मिलेगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आध्यात्मिक ज्ञान में वृद्धि होगी और आगे बढ़ने के नए मौके मिलेंगे। शाम से रात तक भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। बुद्धि-विवेक से नए कामों को पूरा कर पाएंगे।

**सिंह**
आज दिन लाभदायक है। किसी बहुमूल्य वस्तु की प्राप्ति हो सकती है। शान-शौकत पर खर्च करेंगे, लेकिन गरीबों की मदद करने से खुशी मिलेगी और पुण्य की प्राप्ति होगी। धन और सम्मान में वृद्धि होगी। अपनी कार्यकुशलता से दूसरों को प्रभावित कर पाएंगे।

**कन्या**
आज तरक्की का दिन है। प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी। शाम के समय कुछ अनचाहा खर्च आ सकता है, लेकिन मजबूरी में करना पड़ेगा। धन और सम्मान में वृद्धि होगी और रुके हुए काम पूरे होंगे। योजनाएं सफल होंगी और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

**तुला**
आज परिश्रम से सफलता मिलेगी और समाज और परिवार से सहयोग मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों के अधिकार में वृद्धि होगी, लेकिन साथ ही उत्तरदायित्व भी बढ़ेंगे। साहस और पराक्रम की प्रशंसा होगी। धन और सम्मान में वृद्धि होगी और रुके हुए काम पूरे होंगे। आपको करियर से जुड़ा कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा और आपको मान सम्मान प्राप्त होगा।

**वृश्चिक**
आज दिन मिलाजुला रहेगा। अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं, जिससे चिंता हो सकती है। लेकिन शाम को कोई खुशखबरी मिल सकती है। रात में किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलेगा। धन और सम्मान में वृद्धि होगी और रुके हुए काम पूरे होंगे।

**धनु**
आज दिन लाभदायक है। सामाजिक गतिविधियों में मन लगेगा और सम्मान में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में थोड़ी कमी आ सकती है। अपने मन की बात किसी से जल्दी न कहें, इससे रुका हुआ धन मिल सकता है। सेहत का ध्यान रखें और खानपान पर नियंत्रण रखें। लापरवाही से बचें।

**मकर**
आज ग्रहों की स्थिति शुभ है। लाभ और तरक्की के योग हैं। निर्णय लेने की क्षमता से लाभ होगा और सम्मान बढ़ेगा। कोई पुराना विवाद सुलझ सकता है। धन लाभ होगा। शाम से रात तक धार्मिक कार्यों में समय बीतेगा और मन प्रसन्न रहेगा। आपका दिन शुभ होगा, मेहनत सफल होगी और आपको शेयर बाजार में पैसा लगाने से बेहतर रिटर्न मिलेगा।

**कुंभ**
आज करियर में लाभ और तरक्की वाला है। आगे बढ़ने के नए रास्ते खुलेंगे। नई योजनाओं से भविष्य में लाभ होगा। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी और अच्छे कर्मों से परिवार का नाम रोशन होगा। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। शाम का समय परिवार के साथ आनंद और तरक्की से भरा होगा। सैर-सपाटे में मन लगेगा।

**मीन**
आज सफलता मिलेगी और भाग्य साथ देगा। मानसिक शांति मिलेगी और रुके हुए काम में तरक्की होगी। प्रमोशन के योग हैं। दूसरों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रहेंगे। रात में अचानक मेहमान आ सकते हैं, जिससे काम बढ़ सकता है। आपको पैसों के मामले में कहीं से कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है।

# राशिद खान की कप्तानी में MI केपटाउन का चमत्कारी प्रदर्शन, बनी एसए 20 चैम्पियन



**जोहानिसबर्ग, एजेंसी।** पिछली दो बार आखिरी स्थान पर रही एमआई केपटाउन ने राशिद खान की कप्तानी में तीसरे सत्र में चमत्कारिक प्रदर्शन करते हुए दो बार की चैम्पियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप को वांडरर्स पर खेले गए फाइनल में बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर 76 रन से हराकर एस20का खिताब अपने नाम किया।

कैगिसो रबाडा ने जैसे ही 19वें ओवर की चौथी गेंद पर रिचर्ड ग्लीसन को आउट किया, मैदान पर आए 22000 से ज्यादा दर्शकों के बीच एमआई के नीले झंडे लहराते दिखाई देने लगे। पूरा स्टेडियम अपने स्थानीय नायक 'रबाडा रबाडा के शोर से गूंज उठा जिन्होंने 3.4 ओवर में 25 रन देकर चार विकेट लिए। वहीं ट्रेंट बोल्ट ने चार ओवर में सिर्फ नौ रन देकर दो विकेट लिए। जीत के लिए 182 रन का पीछा करते हुए सनराइजर्स 105 रन पर आउट हो गए। पिछले दो मैचों में जोबर्ग सुपर किंग्स और पार्ल रॉयल्स पर लगातार जीत दर्ज करके आई एडेन मार्करम की टीम उस लय को कायम नहीं रख सकी और टॉम एबेल (30) और टोनी डि जोर्जी (26) को छोड़कर उनका कोई बल्लेबाज नहीं चल सका। एमआई के स्पिनर जॉर्ज लिंडे ने चार ओवर में 20 रन देकर दो विकेट चटकाए। पिछले साल टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान को सेमीफाइनल तक ले जाकर क्रिकेट जगत को चौंकाने वाले दिग्गज लेग स्पिनर राशिद ने एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली। वह इससे पहले इसी टूर्नामेंट में टी20 प्रारूप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बने थे। लगातार पांच मैच जीतकर फाइनल तक पहुंची एमआई केपटाउन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए काफी आक्रामक शुरूआत की और रियान रिकेलटन तथा रासी वान डेर डुसेन ने दस रन प्रति ओवर से भी अधिक तेजी से रन बनाए।

क्रेग ओवरटन ने पहला ओवर किफायती डाला जिसमें तीन ही रन बन सके लेकिन मार्को यानसेन को दूसरे ओवर में रिकेलटन ने डीप थर्ड मैन और फाइन लेग पर छक्के लगाये जबकि सिर के ऊपर से स्ट्रेट चौका जड़ा। वहीं वान डेर डुसेन ने अगले ओवर में ओवरटन को नसीहत देते हुए स्क्वेयर लेग के ऊपर से छक्का लगाया। रिकेलटन ने यानसेन का आत्मविश्वास तोड़ने में कोई कसर नहीं रखी और चौथे ओवर में उन्हें दो शानदार छक्के लगाकर रनगति को तेजी से आगे बढ़ाना जारी रखा।

पहले आफ स्टम्प से बाहर जाती शॉर्ट गेंद पर उन्होंने लेग साइड में छक्का लगाया और फिर कलाई का कमाल दिखाते हुए स्क्वेयर लेग के ऊपर शॉट खेलकर गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचाया। इसके बाद हालांकि एमआई केपटाउन को लगातार दो झटके लगे। पांचवें ओवर में ओवरटन को वान डेर डुसेन ने छक्का जड़ा लेकिन आखिरी गेंद पर रिकेलटन (15 गेंद में चार छक्के और एक चौका) का विकेट लेकर उन्होंने सनराइजर्स को बड़ी सफलता दिलाई। कैच लियाम ग्लीसन ने लपका।

# आईपीएल टीमों को बीसीसीआई ने दिया बड़ा झटका, इस चीज के इस्तेमाल पर लगाई रोक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने आईपीएल की शुरुआत से करीब डेढ़ महीने पहले अपने राज्य क्रिकेट संघों को एक बड़ा और सख्त निर्देश दिया है. बीसीसीआई ने राज्य संघों से सख्त लहजे में कहा है कि आईपीएल के लिए तय मैदानों को लीजेंड्स लीग और सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग आदि के लिए उपलब्ध ना कराया जाए. साथ ही बीसीसीआई ने आईपीएल टीमों को भी बड़ा झटका दिया.

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के मुताबिक मैदानों को आईपीएल फ्रेंचाइजी को भी अभ्यास के लिए नहीं दिए जाएंगे. बीसीसीआई ने राज्य क्रिकेट संघों को इसे लेकर एक ई-मेल भी भेजा है. बीसीसीआई ने इस मामले को लेकर राज्य क्रिकेट संघों को एक ई-मेल भेजा है.

ई-मेल में बीसीसीआई ने कहा कि मैदान और आउटफील्ड साफ सुथरे रहें. हालांकि बीसीसीआई ने ये भी कहा है कि, रणजी ट्रॉफी के जो मैच पहले से निर्धारित है उनके लिए मुख्य स्क्वायर और आउटफील्ड का इस्तेमाल किया जा सकता है. लेकिन आईपीएल टीमों के अभ्यास सत्र, लीजेंड्स लीग, स्थानीय मैच और सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग आदि के लिए मैदानों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है.

**टेनिसः**

## चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर में रामनाथन-मायनेनी की जोड़ी खिताब बचाने में विफल




**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोचीजुकी और उईसुगी की गैरवरीय जापान की जोड़ी ने एक घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले में रामनाथन और माइनेनी की सर्विस एक बार तोड़ी और 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। भारत के रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी की गत चैंपियन जोड़ी को शनिवार को खिताबी मुकाबले में जापान के शिंटारो मोचीजुकी और काइतो उईसुगी से हारने के बाद चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर युगल स्पर्धा में उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

मोचीजुकी और उईसुगी की गैरवरीय जापान की जोड़ी ने एक घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले में रामनाथन और माइनेनी की सर्विस एक बार तोड़ी और 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। यह उईसुगी और मोचीजुकी के लिए दूसरा एटीपी चैलेंजर युगल खिताब था। मोचीजुकी ने 2019 में विंबलडन में लड़कों का एकल खिताब जीता था।

**पाक वर्सेस न्यूजीलैंडः**

## मैच के दौरान रचिन रविंद्र को लगी गंभीर चोट, सिर से बहा खून



**लाहौर, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र को शनिवार को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ वनडे ट्राई-नेशन सीरीज के मैच के दौरान फील्डिंग करते समय गंभीर चोट लग गई। खुशदिल शाह ने न्यूजीलैंड की पारी के 38वें ओवर की तीसरी गेंद पर स्लॉग-स्वीप खेला जिसे स्पिनर माइकल ब्रेसवेल ने फेंका था। डीप स्क्वायर लेग पर खड़े रचिन कैच लेने गए, लेकिन गेंद को देख नहीं पाए। इससे पहले कि वे गेंद को देख पाते, गेंद रचिन के चेहरे पर लगी और खिलाड़ी जमीन पर गिर पड़ा। चोट इतनी गंभीर थी कि उन्हें मैदान से बाहर ले जाने से पहले ही खून बहने लगा, संभवतः खून बहने से रोकने के लिए उनके माथे पर आइस पैक लगाया गया था।

रचिन रविंद्र के लिए मैदान पर एक मुश्किल पल था, जब कैच लेने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से चोट में बदल गया। ग्लेन फिलिप्स ने अपना पहला शतक लगाया और मिशेल सेंटनर ने तीन विकेट लिए जिससे न्यूजीलैंड ने लाहौर में त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच में पाकिस्तान पर 78 रनों की शानदार जीत दर्ज की।

फिलिप्स ने 74 गेंदों पर सात छक्कों और छह चौकों की मदद से नाबाद 106 रन बनाए, जिससे ब्लैककैप्स ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 330 रन बनाए, जबकि सेंटनर ने 41 रन देकर 3 विकेट लिए जिससे मेहमान टीम ने पाकिस्तान को 47.5 ओवर में 252 रनों पर ढेर कर दिया। दक्षिण अफ्रीका इस सीरीज की तीसरी टीम है, जो 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले खेलने जा रही है।

**नेशनल गेम्स राउंड अपः**

## ट्रैक एवं फील्ड एथलीटों ने बटोरीं सुर्खियां, कुजूर ने 100 मी में स्वर्ण पदक जीता



**देहरादून, एजेंसी।** सेना ने शनिवार को तीन स्वर्ण पदक जीते और 71 पदक (42 स्वर्ण, 16 रजत, 13 कांस्य) के साथ तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। इसके बाद कर्नाटक (30 स्वर्ण, 12 रजत, 16 कांस्य) और महाराष्ट्र (25 स्वर्ण, 42 रजत, 46 कांस्य) का स्थान रहा।

ओडिशा के उभरते सितारे अनिमेष कुजूर ने शनिवार को यहां अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी में 38वें राष्ट्रीय खेलों में मीट रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता जिसमें शनिवार को ट्रैक और फील्ड एथलीटों ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरीं। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के शुरुआती दिन दांव पर लगे 10 स्वर्ण में से महाराष्ट्र और सेना ने दो-दो स्वर्ण जीते, जबकि ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और तमिलनाडु ने एक-एक स्वर्ण जीता।

सेना ने शनिवार को तीन स्वर्ण पदक जीते और 71 पदक (42 स्वर्ण, 16 रजत, 13 कांस्य) के साथ तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। इसके बाद कर्नाटक (30 स्वर्ण, 12 रजत, 16 कांस्य) और महाराष्ट्र (25 स्वर्ण, 42 रजत, 46 कांस्य) का स्थान रहा। मध्य प्रदेश 19 स्वर्ण, 13 रजत और 18 कांस्य पदक के साथ चौथे स्थान पर रहा जबकि हरियाणा 18 स्वर्ण, 26 रजत और 28 कांस्य पदक के साथ पांचवें स्थान पर रहा।

**बैंडमिंटन**

# बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से हटीं भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारत को उपविजेता दक्षिण कोरिया और मकाऊ के साथ कठिन ग्रुप डी में रखा गया है।

भारत अपना अभियान 12 फरवरी को मकाऊ के खिलाफ शुरू करेगा जिसके बाद 13 फरवरी को दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़ा मुकाबला होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण चीन में होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है जिससे देश की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पदक का रंग सुधारने की संभावनाओं को बड़ा झटका लगा है। यह टूर्नामेंट 11 से 16 फरवरी तक किंगदाओ में खेला जाएगा। भारतीय खिलाड़ी अभी गुवाहाटी में ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा ले रहे हैं।

सिंधू के अलावा शिविर में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय के साथ-साथ सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष युगल जोड़ी भी हिस्सा ले रही है। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी उस भारतीय टीम का हिस्सा थी जिसने टूर्नामेंट के पिछले सत्र में कांस्य पदक जीता था। सिंधू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैं भारी मन से यह बता रही हूं कि मैं बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप 2025 के लिए टीम के साथ यात्रा नहीं करूंगी। चार फरवरी को गुवाहाटी में ट्रेनिंग के दौरान मुझे अपनी पैर की मांसपेशियों में दर्द महसूस हुआ।

अपने देश के लिए पट्टी लगाकर खेलने के प्रयास करने के बावजूद एमआरआई से पता चला है कि मुझे शुरुआत में जितना लगा था चोट के ठीक होने में उससे अधिक समय लगेगा। सिंधू बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में अपना पहला महिला एकल स्वर्ण पदक जीतने के बाद से चोटों से जूझ रही हैं। इस स्टार खिलाड़ी को राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान बाएं पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर हो गया था जिसके कारण वह 2022 में विश्व चैंपियनशिप और विश्व टूर फाइनल सहित सभी शेष प्रतियोगिताओं से बाहर हो गई थी। बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारत को उपविजेता दक्षिण कोरिया और मकाऊ के साथ कठिन ग्रुप डी में रखा गया है। भारत अपना अभियान 12 फरवरी को मकाऊ के खिलाफ शुरू करेगा।

# श्रीलंका में 13 साल बाद टेस्ट सीरीज जीता ऑस्ट्रेलिया

## 2-0 से क्लीन स्वीप किया, गॉल टेस्ट में 9 विकेट से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टेस्ट 9 विकेट से जीत लिया है। टीम ने इसी के साथ दो मैचों की सीरीज 2-0 से जीत ली। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट पारी के अंतर से जीता था। ऑस्ट्रेलियाई टीम 13 साल के बाद श्रीलंका में टेस्ट सीरीज जीती है। इससे पहले 2011 में जीती थी। इसके बाद 2 सीरीज खेली गई, एक श्रीलंका ने जीती और दूसरी ड्रॉ रही। दोनों टीमों के बीच दो मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 12 फरवरी को कोलंबो में खेला जाएगा।

गॉल में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए पहली पारी में 257 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 414 रन बनाए। इस आधार पर टीम को 157 रन की बढ़ मिली। मेजबान श्रीलंका दूसरी पारी में भी बड़ा स्कोर नहीं खड़ा कर सकी और 231 पर सिमट गई। इस तरह कंगारू टीम को 75 रन का टारगेट मिला, जो टीम ने 1 विकेट खोकर हासिल कर लिया। मेंडिस ने 50 रन बनाए श्रीलंका ने रविवार को चौथे दिन दूसरी पारी में 211/8 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया।



टीम ने 20 रन जोड़े और दो विकेट गंवा दिए। कुसल मेंडिस 50 और लाहिरु कुमारा 9 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में मैथ्यू कुह्नेमन और नाथन लायन ने 4-4 विकेट झटके। ब्यू वेबस्टर ने 2 विकेट लिए। 75 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रैविस हेड 20 रन बनाकर आउट हुए। उस्मान ख्वाजा 27 और मार्नस लाबुशेन 26 रन बनाकर नॉटआउट लौटे।

तीसरे दिन श्रीलंका ने दूसरी पारी में 8 विकेट पर 211 रन बनाए शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी में 8 विकेट पर 211 रन बना लिए। टीम ने पहली पारी में 257 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 414 रन बनाए, इसलिए टीम फिलहाल 54 रन से पिछड़ रही है। श्रीलंका से दूसरी पारी में एंजलो मैथ्यूज ने 76 रन बनाए, वहीं कुसल मेंडिस 48 रन बनाकर नॉटआउट रहे। टीम से प्रबाथ जयसूर्या ने पहली पारी में 5 विकेट लिए थे। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट पारी के अंतर से जीता था।

## आयरलैंड के दिग्गज मुक्केबाज जॉन कूनी का निधन, हाल ही में गंवाया था सुपर फेदरवेट खिताब



**बेलफास्ट, एजेंसी।** खेल जगत से रविवार को एक दुखद खबर सामने आई है। आयरलैंड के प्रसिद्ध मुक्केबाज जॉन कूनी का नाथन हॉवेल्स के खिलाफ सेल्टिक सुपर-फेदरवेट खिताब हारने के एक हफ्ते बाद निधन हो गया है। उन्हें मुकाबले के बाद आईसीयू में रखा गया था।

आयरलैंड के 28 वर्षीय मुक्केबाज कूनी की मौत की पुष्टि उनके प्रमोटर मार्क डनलप द्वारा कूनी परिवार और उनकी मंगेतर एमालीन की ओर से प्रकाशित एक बयान में की गई। बयान में कहा गया, अपने जीवन के लिए एक सप्ताह तक संघर्ष करने के बाद जॉन कूनी का निधन हो गया। वह एक बहुत प्यारा बेटा, भाई तथा साथी था और हम सभी को यह भूलने में जीवन भर लग जाएगा कि वह कितना खास था। भगवान आपकी आत्मा को शांति दे जॉन द किड कूनी।

उल्सटर हॉल में हॉवेल्स के साथ कूनी का मुकाबला नौवें दौर में रोक दिया गया था। बाद में कूनी की सर्जरी की गई थी।



# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान को डबल झटका

## न्यूज़ीलैंड से हार और स्टार तेज गेंदबाज चोटिल

**कराची, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान को अपने घर पर बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा है. ट्राई सीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड ने लाहौर में पाकिस्तान की टीम को 78 रनों से रौंदा. कीवी टीम के लिए ग्लेन फिलिप्स ने सिर्फ 74 गेंद में नाबाद 106 रनों की शानदार पारी खेली. पाकिस्तान को इस मैच में डबल झटका लगा. टीम की शर्मनाक हार हुई और स्टार तेज गेंदबाज हारिस रऊफ चोटिल भी हो गए. अब उनका अगला मैच खेलना मुश्किल है. मैच की बात करें तो कीवी कप्तान मिशेल सैंटनर ने टॉस जीता, और पहले बैटिंग का फैसला लिया. शुरुआत खराब रही. पहले ही ओवर में शाहीन अफरीदी ने विल यंग को पवेलियन भेजा दिया.

इसके बाद रचिन रवींद्र ने पांच चौके मारे, लेकिन 19 गेंद में 25 रन बनाकर वह भी चलते बने. सिर्फ 39 रनों पर न्यूजीलैंड के दो विकेट गिर गए थे. इसके बाद डेरिल मिचेल और केन विलियमसन ने मोर्चा संभाला. दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 95 रनों की साझेदारी की. 400 से ज्यादा दिन बाद वनडे खेलने उतरे केन विलियमसन ने 89 गेंद में सात चौकों की मदद से 58 रन बनाए.

वहीं डेरिल मिचेल ने 84 गेंद में 81 रनों की पारी खेली. इसके बाद ग्लेन फिलिप्स का शो देखने को मिला. फिलिप्स ने 74 गेंद में नाबाद 106 रन बनाए. उनके बल्ले से 6 चौके और 7 छक्के निकले. उनका माइकल ब्रेसवेल ने भी अच्छा साथ दिया. उन्होंने 23 गेंद में एक चौके और तीन छक्के की मदद से 31 रन बनाए. इस तरह न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 330 रनों का स्कोर खड़ा किया. जवाब में पाकिस्तान की शुरुआत ठीक रही. बाबर आजम और फखर जमान पारी की शुरुआत करने आए और दोनों ने 52 रन जोड़े. हालांकि, इसमें बाबर के सिर्फ 10 रन ही रहे. बाबर 23 गेंद में 10 रन बनाकर ब्रेसवेल की गेंद पर कैच आउट हुए. फिर एक तरफ से विकेट गिरते रहे और एक तरफ से फखर जमान कीवी गेंदबाजों को धुनते रहे.

कामरान गुलाम 32 गेंद में 18, मोहम्मद रिजवान 11 गेंद में तीन रन बनाकर आउट हो गए. वहीं जमान ने 69 गेंद में 84 रनों की पारी खेली. उनके बल्ले से 7 चौके और 4 छक्के निकले. सलमान अली आगा 40, तय्यब ताहिर 30 और खुशदिल शाह 15 रन बनाकर आउट हुए. ये सभी मिलकर भी मैच को क्लोज नहीं ले जा सके.

# पेन, पेंसिल और दुपट्टे से भी अपनी रक्षा कर सकतीं हैं बेटियां : इरफान




**पन्ना।** जिले में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा योजना के तहत शासकीय माध्यमिक शालाओं में छात्राओं को आत्मरक्षा के नए कौशल सिखाए जा रहे हैं। जिला शिक्षा केन्द्र पन्ना के जिला परियोजना समन्वयक अजय गुप्ता द्वारा जिले भर के स्कूलों में बेटियों को आत्मरक्षा का विशेष प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इंटर नेशनल खिलाड़ी व प्रशिक्षक सेंसाई इरफान खान ब्लैक बेल्ट के नेतृत्व में जु-जित्सु, वुशू और कराते खेल के साथ-साथ लड़कियों को यह भी सिखाया जा रहा है कि पेन, पेंसिल, चाबी की चेन, दुपट्टा, चुनरी, मफलर, बैग और नोटबुक जैसे रोजमर्रा के सामानों को आत्मरक्षा के लिए हथियार के रूप में कैसे प्रयोग किया जाए। मुख्य प्रशिक्षक सेंसाई इरफान खान ने बताया कि यह आत्मरक्षा प्रशिक्षण छेड़छाड़ और अपहरण जैसी घटनाओं से निपटने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। इसमें न केवल मार्शल आर्ट्स की तकनीकों को सिखाया जा रहा है, बल्कि उपलब्ध वस्तुओं को हथियार के रूप में उपयोग करने की भी ट्रेनिंग दी जा रही है। साथ ही, इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं की शारीरिक क्षमता को बढ़ाने और आत्मविश्वास विकसित करने पर भी जोर दिया जा रहा है। शासकीय माध्यमिक शाला विश्रामगंज, भसूड़ा, सिंहपुर, मनहर, श्री बल्देव मंदिर, मनौर, कन्या माध्यमिक शाला खोरा, नयागांव, कितरपुर, माखनपुर, रिछाई, अमरछी, तुलापुर, बरौली, बल्दूपुरवा, खरोनीपुरवा, रामनई, अहराम देवारा भपतपुर, बगहा, बरियापुर भूमियान, कुवंरपुर, दमचुआ, धरमपुर, बड़गड़ी, कन्या माध्यमिक शाला बृजपुर, बिलाही, बनहरीकला, गुमानगंज, झिन्ना और पड़रहा, लुहारहाई, बरहोंक, सिलधारा, हीरापुर, जमुनिहां, जिलगुवां, सुन्दरा, मंडला में प्रशिक्षण की जिम्मेदारी फिटनेस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना, मार्शल आर्ट क्लासेस एवं शोतो काई कराते संघ पन्ना के प्रशिक्षकों की टीम निभा रही है। प्रशिक्षकों की टीम में हर्षिता विश्वकर्मा, अनिकेत श्रीवास्तव, पीयूष विश्वकर्मा, सैफ उल्ला, रीना देवी लोध, रचित हिरवार, रूपनारायण यादव, अनमोल सेन और हिरण चैधरी जैसे अनुभवी मार्शल आर्ट खिलाड़ी और प्रशिक्षक अपना योगदान दे रहे हैं। विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण सरकार और जिला प्रशासन के उस प्रयास का हिस्सा है, जिससे जिले की बेटियों को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाया जा सके। प्रशिक्षकों की मेहनत से छात्राएं आत्मरक्षा में निपुण हो रही हैं और यह प्रशिक्षण उनके लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध हो रहा है।

## पुलिस के संरक्षण में अमानगंज क्षेत्र में लगातार विक्रय हो रही अवैध शराब

पन्ना

पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र मे खुले आम अवैध शबरा विक्रय की जा रहीं है जिसके चलते गांव गांव की युवा पीड़ी बर्बाद हो रही है तथा शराबी आतंक मचा रहें है। इसी प्रकार का मामला ग्राम वरौहा का सामने आया है, जहां पर शराबीयों द्वारा उत्पाद मचाकर लोगो से विवाद किया गया, उक्त मामले की शिकायत बरोंहा ग्राम निवासी रामबाबू पिता बाबू राजपूत पिता सीताराम राजपूत ने पुलिस को आवेदन देते हुए अनुरोध किया है कि गांव में बिक रही अवैध शराब पर अंकुश लगाया जायें। गांव के कुछ आदिवासी जो शराबी हैं उत्पति हैं गांव में लगातार शराब पीकर किसानों को परेशान कर रहे हैं और किसोनो की सिंचाई की सटक काटकर उन्हें परेशान करते हैं कभी विद्युत कनेक्शन की लाइन काटते हैं और सिंचाई को प्रभावित करते हैं फरियादी ने इस मामले में दो आरोपियों के नाम उजागर किए हैं हल्काई आदिवासी एवं बृजलाल के नाम बताएं हैं।

# नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार आगामी 13 फरवरी को पन्ना आयेंगे

### 11 से 13 फरवरी तक विदिशा, सागर, छतरपुर, पन्ना एवं दमोह जिलों का करेंगे भ्रमण

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं जनसामान्य भेंट कर स्थानीय मुद्दों और समस्याओं की लेंगे जानकारी



पन्ना

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार लगातार प्रदेश के अलग-अलग जिलों का दौरा कर उनके विधानसभा मुख्यालयों में पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में वे अगले सप्ताह बुंदेलखंड अंचल के सघन दौरे पर आ रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष का दौरा मंगलवार 11 फरवरी 2025 को विदिशा से शुरू होकर गुरुवार 13 फरवरी को दमोह जिले के देवरी में समाप्त होगा। 3 दिन के इस दौरे पर नेता प्रतिपक्ष विदिशा, सागर, छतरपुर, पन्ना एवं दमोह जिले में पहुंचकर कांग्रेस कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं जनसामान्य भेंट कर स्थानीय ज्वलंत समस्याओं तथा जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों की जानकारी लेंगे। बता दें कि, गंधवानी विधायक उमंग सिंघार प्रतिपक्ष बनने के बाद से ही प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों, ज्वलंत समस्याओं एवं जनहित से जुड़े मुद्दों के साथ जिला स्तरीय मसलों को भी विधानसभा में प्रमुखता से उठाकर आमजन की आवाज़ को लगातार बुलंद करने तथा राज्य सरकार को जवाबदेह बनाने का काम बखूबी कर रहे हैं। इसलिए नेता प्रतिपक्ष के बुंदेलखंड दौरे को लेकर अंचल के कांग्रेस कार्यकर्ताओं, सिविल सोसायटी सहित आम लोगों में व्यापक उत्साह देखा जा रहा है। कार्यकर्ताओं से इन स्थानों पर करेंगे भेंट दौरा कार्यक्रम के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार नेता प्रतिपक्ष श्री सिंघार मंगलवार 11 फरवरी को सुबह 10 बजे विदिशा पहुंचकर स्थानीय सर्किट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व जनसामान्य से भेंट करेंगे। इसके बाद कुरवाई, बीना, खुरई रेस्ट हाउस में कांग्रेसजनों से मुलाकत करेंगे। खुरई से प्रस्थान कर शाम 6 सागर पहुंचकर स्थानीय सर्किट हाउस में पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। सागर में रात्रि विश्राम करने के बाद अगले दिन श्री सिंघार बुधवार 12 फ़रवरी को अल्प प्रवास पर बण्डा, बड़ामलहरा, खरगापुर, महारजपुर, छतरपुर, राजनगर पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। नेता प्रतिपक्ष रात्रि विश्राम खजुराहो में करेंगे। अगले दिन गुरुवार 13 फरवरी को वे खजुराहो से प्रस्थान कर प्रातः 9 बजे पन्ना पहुंचेंगे। पन्ना में श्री जुगुल किशोर जी मंदिर के दर्शन करने के पश्चात स्थानीय सर्किट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और जनसामान्य से चर्चा करेंगे। तदुपरांत नेता प्रतिपक्ष पन्ना से प्रस्थान कर अमानगंज, पवई, दमोह, जबेरा एवं देवरी पहुंचकर कार्यक्रतों से मुलाकत करेंगे। नेता प्रतिपक्ष रात्रि विश्राम देवरी रेस्ट हाउस में करेंगे।

## जिले की शिक्षा व्यवस्था बदहाल

### पांच छात्रो को पढ़ाने के लिए दो शिक्षक तैनात

**पन्ना।** मध्यप्रदेश सरकार की ओर से शिक्षा को बढ़ावा देने और नामांकन बढ़ाने के लिए नावाचार किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के चलते दूर-दराज के शिक्षकों के अलावा नजदीकी सरकारी स्कूलों के शिक्षक मौज मस्ती कर रहे हैं, यही हाल पन्ना जिले के शाहनगर ब्लॉक के संकुल केंद्र बिसानी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला-डौडा का है जहाँ पर शिक्षकों की मनमानी चलती हैं, यहां पर छात्रों की कुल दर्ज संख्या 5 हैं नियकित दो शिक्षक पदस्थ है जिसमें एक प्रभारी प्रधानाध्यापक रामाधार पाण्डेय एवं प्राथमिक शिक्षक अनिल डोंगरे हैं तथा विद्यालय में पांच छात्रो के नाम दर्ज है, जिसमें शिक्षक बारी बारी से कभी कभर स्कूल खोलते है, बांकी समय विद्यालय बंद रहता है। विद्यालय में बच्चो की पड़ाई नाम मात्र की है, शासकीय विद्यालयों मे शिक्षको को 70 हजार से अधिक बेतन मिलती है, इसके अलावा मध्यान भोजन, मुक्त किताबे ड्रेस सहित अन्य कार्यो मे लाखो रूपये की राशि खर्च की जा रहीं है। लेकिन शासन की उक्त राशि का कोई फायदा नहीं है। इसी प्रकार का हाल जिले की अनेक प्राथमिक, माध्यमिक शालाओं का है जहां पर छात्रो से अधिक शिक्षको की संख्या देखी जा रही है। स्थानीय लोगो ने शिक्षा व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

# लड़की के साथ दुष्कृत्य करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

**पन्ना।** लडकी के साथ दुषकृत्य करने वाले आरोपी को न्यायालय विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी) जयशंकर श्रीवास्तव की न्यायालय द्वारा अजीवन करावास की सजा से दण्डित किया गया है। माममले के संबंध में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ऋषिकांत द्विवेदी ने बताया कि, अभियोजन कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि, अभियोक्त्री के पिता ने थाना अमानगंज में दिनांक 07.04.2018 को गुम इंसान सूचना लेख कराई कि दिनाक 07.04.2018 को उसकी पुत्री अभियोक्त्री लोटा लेकर गांव के तलाब के पास गई थी किन्तु वापस नहीं आई। पता तलाश करने पर भी कोई पता नहीं चला। फरियादी की उक्त सूचना के आधार पर थाना अमानगंज में गुम इंसान सूचना दर्ज की गई। दिनाक 11.04.2018 को अभियोक्त्री को थाना अमानगंज द्वारा दस्तयाब होने पर अभियोक्त्री को सुपुर्दगी में दिया गया। अभियोक्त्री द्वारा आरोपीगण हरिश्चन्द्र ठाकुर) बृजेन्द्र सिंह ठाकुर एवं हक्कू डीमर द्वारा दिनांक 07.04.2018 को अभियोक्त्री को जबरदस्ती मोटर साईकिल में बैठा कर जंगल में ले जाया गया। जंगल में दिनांक 07.04.2018 से दिनाक 11.04.2018 तक रोका जाकर आरोपीगण द्वारा रोज-रोज अभियोक्त्री के साथ जबरदस्ती बलात्कार किया गया। उसका मेडिकल परीक्षण किया गया, पुलिस द्वारा अभियोक्त्री से पूछताछ की तथा उसके कथन अनुसार देहाती नालसी लेख की गई। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध माननीय न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय श्रीमान विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी) जयशंकर श्रीवास्तव के न्यायालय में प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी जिला अभियोजन अधिकारी संदीप कुमार पाण्डेय के द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लिपिबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपीगण के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपीगण के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंढ से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्कों एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय श्रीमान विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी) जयशंकर श्रीवास्तव द्वारा आरोपी हरिश्चन्द्र परमार उर्फ शनिराजा को धारा 343 एवं 506 भाग दो भादसं में कम्रश: 01-01 वर्ष कठोर कारावास एवं अर्थदंड क्रमश: 500-500 रूपये तथा धारा 3(2)(5) एससीएसटी एक्ट में आजीवन कारावास एवं 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। ज्ञात हो कि आरोपीगणो हक्कू एवं बृजेन्द्र को प्रकरण मे दोषी मानते हुए पूर्व में दिनांक 30/11/2023 को दोषी मानते हुए अजीवन कारावास एवं जुर्माने से माननीय न्यायालय द्वारा दण्डित किया जा चुका है।

## पत्रकारों की टीम ने रोमांचक मैच में प्रशासन की टीम को हराया

### टीआई रोहित मिश्रा ने जड़ा अर्धशतक



**पन्ना।** स्थानीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के मैदान मे चल रहे अन्तर विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रशासन तथा पत्रकारो की टीम के बीच मैच खेला गया, जिसमें पत्रकारो की टीम द्वारा प्रशासन की टीम को 18 रन से हरा दिया गया। टीम में मैन आफ द मैद अनिल तिवारी को दिया गया, तथा बालर मैन आफ द अमर सिंह को दिया गया। फिल्डर के रूप में इदरीश मोहम्मद द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया गया। प्रशासन की ओर से टीआई रोहित मिश्रा द्वारा 58 रन बनाया गया। इस दौरान भारी संख्या मे दर्शक उपस्थित रहें।

# अमानगंज बाईपास सड़क निर्माण का क्षेत्रीय विधायक की उपस्थिति में पंहुची जांच टीम

### पांच करोड़ की सड़क के एक महीने मे उड़ गये थे परखच्चे



**पन्ना।** अमानगंज कस्वे में बनाई गई पांच करोड़ की लागत से बाई पास सड़क के एक ही महीने क अन्दर परखच्चे उड़ गये थें, जिसको लेकर स्थानीय लोगो द्वारा तथा क्षेत्रीय विधायक के माध्यम से शासन प्रशासन को शिकायत की गई थी, आठ माह बाद एमपीआरडीसी टीम द्वारा उक्त सड़क का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित बाई पास सड़क फिर से बनाये जाने की प्रकिया में कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। ज्ञात हो कि एमपीआरडीसी द्वारा विगत बारह वर्ष से अमझिरिया में टोल बेरियल लगाकर प्रत्येक वाहन से वसूली की जा रही है, लेकिन बाईपास सड़क का निर्माण अमानगंज कस्वा में नहीं कराया गया। जिससे वाहन नगर के अन्दर से गुजर रहे है तथा अनेको बार दुर्घटनाए भी हुई है, विधायक द्वारा किये गये प्रयास से बड़ी मुश्किलो से निरीक्षण दल जांच करने पंहुचा है जिसमें एमपीआरडीसी के संभागीय प्रमुख एस के वर्मा, एसडीओ अन्य अमला शामिल रहा। तथा विधायक राजेश वर्मा के साथ क्षेत्रीय कार्यकर्ता भी उपस्थित रहें, विधायक श्री वर्मा ने संबंधित एमपीआरडीसी के अधिकारीयो से तत्कला सीघ्रता से कार्य प्रारंभ कराकर गुणवत्तापूर्ण सड़क बनाये जाने के निर्देश दिये है। आंगे देखना है उक्त सड़क का निर्माण कब तक किया जाता है।

## सुनवानी कला व आसपास के क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री जोरो पर

**पन्ना।** ग्राम सुनवानी कलां व आसपास के क्षेत्र मे अवैध मादक पदार्थ कि बिक्री जोरों पर है बिना किसी भय के यह गोरख घंधा व्याप्क स्तर पर फल फूल रहा है नशे का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। ज़िससे युवा पीड़ी बर्बाद हो रहीं है तथा वह नशे कि गिरफ्त मे जकड़ते जा रहे है। पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रहीं है, क्योकि अवैध शराब का कारोबार करने वालो को उनका संरक्षण प्राप्त है, और वह उनसे मासिक कमीशन लेते है। स्थानीय लोगो ने जिले के पुलिस अधीक्षक से अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने की मांग की है।

# जैतवारा के मेहुती में चली गोली, बाल-बाल बचा युवक, जांच में जुटी पुलिस, आरोपी की तलाश में की जा रही छापेमारी

सतना

जैतवारा थाना क्षेत्र के मेहुती गांव में मामूली विवाद पर युवक ने कट्टे से फायर झोंक दिया, गनीमत रही कि निशाना चूक गया और पीड़ित बाल-बाल बच गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी वरुणेन्द उर्फ पिंटू शुक्ला ने शनिवार दोपहर को अपने ही गांव के दिलीप पांडेय पुत्र भगवानदीन पांडेय को फोनकर दूध उपलब्ध कराने के लिए कहा, मगर दिलीप ने मां के घर पर नहीं होने की बात कही तो आरोपी भडक़ गया और गाली-गलौज करने लगा, जिस पर युवक ने फोन काट दिया। इसके कुछ देर बाद ही दिलीप जब अहरी की तरफ जा रहा था, तभी आरोपी पिंटू ने रास्ते पर रोक लिया और गाली देते हुए मारपीट पर उतारू हो गया। विवाद से बचने के लिए युवक ने पीछे हटने की कोशिश की तो आरोपी ने कट्टा निकालकर तान दिया और गोली चला दी, जिसमें निशान चूक जाने से दिलीप की जान बच गई।

फायरिंग के बाद पीड़ित किसी तरह जान बचाकर भाग निकला तो आरोपी भी धमकी देते हुए चला गया। मारपीट और फायरिंग की सूचना तुरंत ही डायल 100 के जरिए थाने में दी गई तो थाना प्रभारी विजय सिंह दल-बल के साथ मेहुती के लिए रवाना हो गए। गांव जाकर पीड़ित का बयान दर्ज कर आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का अपराध पंजीबद्ध किया गया तो उसकी धरपकड़ के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई। देर रात तक आरोपी पिंटू गिरफ्त में नहीं आया था। उसकी तलाश के लिए अलग-अलग टीमों को लगाया गया है।

# भाजपा के आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला भाजपा की जिला स्तरीय कामकाजी बैठक सम्पन्न

### जिला ,निधि संग्रह का लक्ष्य पूरा करेगा : जिलाध्यक्ष

**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला स्तरीय कामकाजी बैठक रविवार को जिला भाजपा कार्यालय मे सम्पन्न हुई। उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी दुर्गेश शिवहरे ने बताया कि इसमें जिला भाजपा अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने मार्गदर्शन दिया। अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जय प्रकाश चतुर्वेदी ने की। बैठक मे मुख्य रूप से आजीवन सहयोग निधि (समर्पण निधि) का अधिक से अधिक संग्रह करने पर चर्चा हुई। तथा मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम की समीक्षा की गई इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री जयप्रकाश चतुर्वेदी जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह बुंदेला उपाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी मंचासीन रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने बैठक मे कहा कि समर्पण निधि एकत्रित करने की शुरुआत सबसे पहले मध्यप्रदेश से स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे ने की थी। बाद मे इसे देश स्तर पर विस्तारित किया गया। समर्पण निधि एकत्र करने का कार्य संग्रह का नहीं अपितु अनुष्ठान है इसमें सभी कार्यकर्ता समर्पण भाव से जुड़ जाए। भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो कार्यकर्ताओं के दम से चलती है और इसलिए पार्टी का हर लक्ष्य पूरा हो रहा है।आरंभ मे जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने स्वागत भाषण देते हुए बताया कि आजीवन सहयोग निधि समर्पित करने के लिए जिले मे हर मंडल के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए मंडल प्रभारी भी बनाए गए है। सभी मंडलों मे मार्च से पूर्ण यह कार्य पूर्ण करना है। मिश्रा ने बजट को लेकर भाजपा द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की भी जानकारी दी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जय प्रकाश चतुर्वेदी एवं सुशील त्रिपाठी ने भी मंडल अध्यक्षो एवं जिला पदाधिकारी को मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक की शुरुआत भाजपा के पितृ पुरुषो पं.दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व भारत माता की चित्र पर माल्यार्पण कर की गई।

## एसडीओ के.के. श्रीवास्तव का हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन



**पन्ना।** लोक निर्माण विभाग पन्ना प्रथम मे पदस्थ रहें एसडीओ के के श्रीवास्तव का रीवा मे ईलाज कराते हुए हृदय गति रूक जाने से दु:खद निधन हो गया है, वह पन्ना जिले में अनेक वर्षो से पदस्थ थें, तथा शाहनगर मे उपयंत्री लम्बे समय तक रहें है। श्री श्रीवास्तव के निधन पर विभाग के अधिकारी कर्मचारीयो ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धाजंलि अर्पित की है।

# पन्ना में स्मार्ट बजार का भव्य शुभारंभ

### एक ही छत के नीचे मिलेगा सभी सामान




**पन्ना।** पन्ना नगर के मोनह निवास पुलिस अधीक्षक आवास के सामने स्मार्ट बाजार केशव राजा मॉल का भव्य शुभारंभ हुआ। जिसका शुभारंभ बस यूनियन के अध्यक्ष तथा जिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती दिव्यारानी सिंह के ससुर एवं जिला पंचायत के पूर्व सदस्य केशव राजा के पिता भानू प्रताप सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि यह शुखद अवसर है, पन्ना जिला जैसे छोटे से शहर मे बड़े बड़े प्रतिष्ठान प्रारंभ हो रहें है, जिसका लाभ आल लोगो को मिलेगा तथा एक ही छत के नीचे सस्ते एवं किफायती दाम पर सामान उपलब्ध होगा, कार्यक्रम में संस्थान के प्रबंधक सहित अन्य स्टाप कर्मचारी भारी संख्या में उपस्थित रहें। उक्त बड़े प्रतिष्ठान के खुलने से स्थानीय युवक युवतीयों को रोजगार मिलने से उनमे उत्साह देखा गया। शुभारंभ के समय से ही स्मार्ट बाजार में भारी भीड़ समान खरीदने के लिए देखी गई। स्मार्ट बजार द्वारा ग्राहको के लिए लकी ड्रा कूपन भी निकाले गयें, जिसमें अनेक लोगो को कूपन में शामिल आकर्षक सामग्री प्राप्त हुई, उमा प्रसाद गुप्ता सेवानिवृत्त शिक्षक को लकी ड्रा में दस हजार कीमत की वाशिंग मशीन भी मिली जिससे वह काफी प्रसन्न देखे गयें। इसके अलावा ग्राहको को स्मार्ट कूपन के माध्यम से भारी छूट भी दी जा रहीं है। स्मार्ट बाजार में भारी मेला की तरह भीड़ रहीं, तथा लोगो द्वारा खूब खरीदारी की गई।

